

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 267 | ग्वालियर, बुधवार 30 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

## न्यूज ट्रैक

### राजस्थान में अर्बन-यूडी टैक्स वसूलने की तैयारी, अशोक गहलोत ने दिए संकेत

**जयपुर।** राजस्थान के शहरी निकायों की आय के लगातार घट रहे संसाधनों के बीच अब अर्बन टैक्स-यूडी टैक्स की वसूली के लिए अभियान चलाने पर विचार किया जा रहा है। नगर निगमों, नगर परिषदों और नगरपालिका क्षेत्रों में आर्थिक रूप से मजबूत लोगों से नियमित रूप से अर्बन टैक्स-यूडी टैक्स की वसूली की जा सकती है। इसके लिए जल्द सभी शहरी निकायों में अभियान चलाया जा सकता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए अभियान चलाने के संकेत दिए हैं। शहरी निकायों के पास खुद की आय के साधन घटने से फंड के लिए वे अब सरकार पर निर्भर हो गए हैं। बताया जा रहा है सरकार की माली हालत पहले से ही कमजोर थी और अब कोविड के कारण हालात और बिगड़ गए हैं। ऐसे हालात में राज्य सरकार चाहती है कि शहरी निकाय अपने खुद के आय के साधन विकसित करें, ताकि उसका बोझ कुछ कम हो सके। शहरी विकास के 68 प्रोजेक्ट्स के डिजिटल शिलान्यास लोकार्पण समारोह में गहलोत ने निकायों की आय बढ़ाने के लिए टैक्स वसूलने पर जोर देते हुए कहा कि नगर निकायों के पास इनकम नहीं बची है। पहले नगरपालिकाओं के पास चुंगी से पैसा आता था, अब अर्बन टैक्स लगने नहीं दिया जा रहा है। कोरोना में हालत और खराब हो रहे हैं। अर्बन टैक्स कई लोग देना चाहते हैं। पैसे वाले टैक्स दे सकते हैं, लेकिन निकायों के अफसर वसूलने में रुचि ही नहीं दिखा रहे। नगर निकायों के आय का साधन होना जरूरी है। हम सब पार्टियों से मिलकर बात करेंगे कि कैसे निकायों की आय बढ़ सकती है। जो अर्बन टैक्स दे सकते हैं, उनसे यह लिया जाए। राज्य के शहरी निकायों में यूडी टैक्स की वसूली बड़ा राजनीतिक मुद्दा रहा है। जब जब भी शहरी निकायों ने यूडी टैक्स वसूलने का प्रयास किया, तब-तब भारी राजनीतिक विरोध के कारण निकायों को कदम पीछे खींचने पड़े। यूडी टैक्स का कांग्रेस राज में भाजपा के नेता और भाजपा के राज में कांग्रेस के नेता विरोध करते आए हैं।

### बीजेपी विधायक ने कहा- मेरे उपर केस करने वाले ने अभी तक जन्म नहीं लिया

**अहमदाबाद।** कई बार तो लगता है कि हमारे जन-प्रतिनिधि जानबूझ कर ऐसा काम करते हैं, ताकि वे मीडिया की सुर्खियां बटोर सकें। ऐसा ही कुछ किया है गुजरात के वडोदरा जिले की वाघोडिया विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी विधायक मधु श्रीवास्तव ने। कोरोना मुक्त होने के बाद 19 सितंबर को वडोदरा की वाघोडिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक मधु श्रीवास्तव ने गाजरावाडी हनुमान मंदिर में मास्क पहने बिना ही समर्थकों के साथ डांस किया था। कोरोना गाइडलाइन का सरेआम उल्लंघन करने पर मधु श्रीवास्तव फिर से विवादों में आ गए हैं। उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि सनातन धर्म में ऐसा कहां लिखा है कि अपने ही मंदिर के अंदर मुंह बांधकर पूजा की जाए? कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मेरे उपर केस करने वाले ने अभी तक जन्म नहीं लिया है। वहीं, गिरफ्तारी की बात पर उन्होंने किसी अधिकारी की पिटाई करने तक की बात कह दी थी। मीडिया से बात करते श्रीवास्तव ने कहा- हां, मैंने किसी की पिटाई की है तो की है, हमने अधिकारी को मारा है तो मारा ही है, इसमें कोई शंका ही नहीं। भाजपा के विधायक मधु श्रीवास्तव ने बताया कि मैं तो मंदिर में 50 साल से हनुमान चालीसा और भजन करता आ रहा हूं। सनातन धर्म में ऐसा कहीं भी नहीं लिखा है कि अपने ही मंदिर के भीतर मुंह बांधकर पूजा करना चाहिए।

### भारत और अन्य देशों के लिए सीरम इंस्टीट्यूट बनाएगी कोरोना वैक्सीन की 10 करोड़ अतिरिक्त खुराक

**पुणे।** कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया में कहर मचा रखा है और सभी लोगों को जल्द से जल्द वैक्सीन के आने का इंतजार है। इस बीच, पुणे स्थित भारतीय दवा निर्माता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) का कहना है कि वो भारत और कम और मध्यम-आय वाले देशों के लिए 10 करोड़ अतिरिक्त कोविड-19 वैक्सीन की खुराक बनाएगी। कंपनी ने सीरम इंस्टीट्यूट, गवी, वैक्सीन एलायंस और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के बीच सहयोग को आगे ले जाते हुए यह घोषणा की। अगस्त में 10 करोड़ कोरोना वैक्सीन खुराक के उत्पादन के ऐलान का विस्तार करते हुए अब साझेदारी में कुल 20 करोड़ वैक्सीन की खुराक तैयार की जाएगी। कंपनी ने कहा कि सहयोग से सीरम इंस्टीट्यूट को अग्रिम पूंजी मिल पाएगी और उसे उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में मदद मिल पाएगी। इसके बाद जैसे ही नियामक की मंजूरी मिलती है उसके बाद छोटे और मध्य आय-वर्ग वाले देशों में इसकी खुराक का वितरण 2012 के मध्य तक किया जा सके।

## उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए, होम क्वारंटाइन हुए

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू मंगलवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। यह जानकारी उपराष्ट्रपति के ट्विटर हैंडल से मंगलवार रात को दी गई है। उपराष्ट्रपति की पत्नी का भी कोरोना टेस्ट करवाया गया, जिसमें वह निगेटिव मिली हैं। कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद उपराष्ट्रपति होम क्वारंटाइन में चले गए हैं। उपराष्ट्रपति के ट्विटर अकाउंट ने ट्वीट किया, रूटीन कोरोना वायरस के टेस्ट के दौरान भारत के उपराष्ट्रपति आज सुबह पॉजिटिव पाए गए। हालांकि, उन्हें कोई लक्षण नहीं था और स्वास्थ्य भी अच्छा है। उन्हें होम क्वारंटाइन में रहने की सलाह दी गई है। उनकी पत्नी ऊषा नायडू की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई है और अभी सेल्फ आइसोलेशन में हैं।

इससे पहले, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने मंगलवार को ही फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया था। इस कार्यक्रम में उन्होंने सभी के लिए बेहतर गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आसान और सस्ती बनाने का आह्वान किया था। उपराष्ट्रपति ने कहा था, निजी क्षेत्र आगे आ सकते हैं



और सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के जरिए इन क्षेत्रों में अपना विस्तार कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति नायडू से पहले देश की कई प्रमुख हस्तियों को कोरोना वायरस हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा भी कोविड-19 से संक्रमित मिले थे। वहीं, हाल ही में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगड़ी की कोरोना वायरस के चलते दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में निधन हो गया था।

देश में कोरोना के कितने मामले? भारत में कोरोना वायरस के नए मामलों में पिछले कुछ दिनों में जरूर थोड़ी गिरावट आई है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में संक्रमित मिल रहे हैं। इस समय देश में 6,156,722 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जा चुके हैं। इसमें से 96,468 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 5,109,584 लोग बीमारी से रिकवर हो चुके हैं। दुनियाभर में सबसे ज्यादा कोरोना के कुल मामले अमेरिका में मिले हैं। अमेरिका में अब तक 7,373,206 मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें से 210,077 लोगों की मौत हो चुकी है।

## बीजिंग में नेपाल के राजदूत बन गए चीनी तोता, भारत की बुराई पर अपनों ने ही घेरा

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के द्वारा अप्रैल के अंत में अचानक चीन के राजदूत बनाए गए महेंद्र बहादुर पांडे चीनी तोता बन गए हैं। चीन के साथ बेहतर रिश्ते बनाने के लिए बीजिंग भेजे गए राजदूत ड्रैगन के प्रवक्ता के रूप में काम करने लगे हैं। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में जिस तरह उन्होंने एक तरफ चीन की जमकर तारीफ की तो भारत पर नेपाली जमीन कब्जाने सहित कई गंभीर और झूठे आरोप मढ़ डाले। पांडे के इस इंटरव्यू से खुद नेपाल के जानकार और विश्लेषक हैरान हैं और उनकी कूटनीतिक समझ पर सवाल खड़े कर रहे हैं। चीन के सरकारी अखबार को दिए इंटरव्यू में महेंद्र बहादुर पांडे ने चीन-नेपाल रिश्तों की तारीफ की और कहा कि भारत के साथ भारतीय और विदेशी मीडिया चीन-नेपाल रिश्तों को



खराब करने की कोशिश में है। केपी ओली सरकार ने अप्रैल में अचानक लीलामणी पौडयाल को बीजिंग से वापस बुलाकर पांडे को भेज दिया था। इस बदलाव को लेकर अभी तक कोई कारण नहीं बताया गया है। काठमांडू पोस्ट की एक खबर के मुताबिक, महेंद्र बहादुर पांडे के इस इंटरव्यू की नेपाल में तीखी आलोचना हो रही है। विश्लेषक, कूटनीतिज्ञ और राजनीतिक दलों के नेताओं ने पांडे के बयानों को गैरकूटनीतिक एक राजदूत के दायरे से बाहर बताया है, जो कि प्रोटोकॉल के उल्लंघन वाला है। शेर बहादुर देबुआ और सुशील कोइराला के विदेश संबंध सलाहकार रहे दिनेश भट्टाराई ने कहा, मैं नहीं समझ पाता कि क्यों हमारे राजदूत भारत, चीन या किसी ऐसे देश के पक्ष में बात करते हैं जहां वे सेवा दे रहे हैं। जिस तरह की बात पांडे ने की है वह हमें आसानी से मुश्किल में डाल सकता है। हमें यह समझना चाहिए कि भारत और चीन के साथ हमारे रिश्ते पूरी तरह स्वतंत्र हैं और वे एक दूसरे का स्थान नहीं ले सकते हैं। नेपाल का प्रमुख अखबार लिखता है, दुनिया की दो उभरती अर्थव्यवस्थाओं भारत और चीन के बीच मौजूद देश के लिए चीन और भारत के बीच बैलेंस बनाना हमेशा कठिन रहा है। विदेश नीति के जानकार हमेश दोनों पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते को देश के हित में बताते हैं, लेकिन ओली सरकार के नीतियों पर एक से ज्यादा बार सवाल उठ चुके हैं।



### दो लड़कियों को हुआ प्यार, मंदिर में शादी के बाद पति-पत्नी बनकर पहुंची थाने

**कानपुर।** कानपुर के बर्रा में घर से लापता दो लड़कियों ने मंदिर में शादी रचा ली। पुलिस के बुलाने पर दोनों माला पहनकर चौकी पहुंचीं। युवतियों का कहना है कि अगर उन्हें अलग किया गया तो वह जान दे देंगी। जानकारी मिलते ही दोनों के परिजन पहुंचे और हंगामा किया। बर्रा निवासी बीएससी की छात्रा ने बताया कि उसकी मां अक्सर मारती-पीटती थी। परेशान होकर वह करीब एक साल पहले पड़ोस की युवती के नजदीक आई। दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया, जिसके बाद उन्होंने शादी करने का निर्णय ले गया। युवतियों ने बताया कि बीते 25 अगस्त को उन्होंने बिठूर स्थित मंदिर में भगवान के सामने एक दूसरे को माला पहनाकर शादी की थी। इसकी जानकारी जब घर वालों को दी तो उन्होंने विरोध कर ताने मारे। दोनों परिवार ने घर से निकलने नहीं दिया, लेकिन दोनों जिद पर अड़ी रहीं। बीते 22 सितंबर को एक युवती की मां ने बेटी से संबंध विच्छेद कर लिया। इसके बाद दोनों युवतियां घर से निकल गईं। उन्होंने बिठूर स्थित मंदिर में दोबारा शादी की और 25 सितंबर तक वह घंटाघर स्थित एक होटल में रहीं, लेकिन घरवालों के लगातार धमकी भरी कॉल आने पर वो कानपुर देहात नवीपुर पहुंचीं, जहां एक किराए का मकान ले लिया। युवती ने बताया कि सोमवार सुबह बर्रा चौकी से फोन आया था। उनके बुलाने पर दोनों माला पहनकर चौकी पहुंचीं। जहां दोनों के परिवार ने एक दूसरे पर आरोप लगा जमकर हंगामा किया। बर्रा चौकी इंचार्ज सत्यपाल सिंह ने बताया कि दोनों परिवार को समझाया गया है। एक युवती के घर दोनों रहेंगी। अगर समस्या हुई तो वो अलग कहीं कमरा लेकर भी रह सकती हैं।



### कोरोना कहर के बीच महाराष्ट्र में कांगो बुखार को लेकर अलर्ट

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में अधिकारियों को कांगो बुखार के संभावित प्रसार को लेकर सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। क्राइमियन कांगो हेमोरेजिक फीवर (सीसीएफएफ) का कांगो बुखार भी कहा जाता है। यह टिक (किलनी) के जरिए मनुष्य में फैलता है। जिला प्रशासन ने कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर पशुपालकों, मांस विक्रेताओं और पशुपालन अधिकारियों के लिए यह चिंता का विषय है। इस संबंध में समय पर ऐहतियात बरतने की आवश्यकता है क्योंकि सीसीएचएफ का कोई विशेष अथवा उपयोगी इलाज नहीं है। पालघर पशुपालन विभाग के उपायुक्त डॉक्टर प्रशांत डी कांबले ने परिपत्र में कहा कि गुजरात के कुछ जिलों में यह बुखार पाया गया है और उसकी सीमा से लगे महाराष्ट्र के कुछ जिलों में इसके फैलने का खतरा है। पालघर गुजरात के वलसाड जिले के करीब है। विभाग ने अधिकारियों को सभी जरूरी ऐहतियाती कदम उठाने और उन्हें अमल में लाने का निर्देश दिया है।

**दिवाली, छठ पर घर पहुंचना होगा मुश्किल**

## 25 अक्टूबर से 10 दिसंबर तक यूपी-बिहार की ट्रेनों में कोई जगह नहीं

**अहमदाबाद।** सूरत में रहने वाले बिहार और यूपी के लोगों को दिवाली और छठ में घर जाने के लिए ट्रेनों के टिकट नहीं मिल रहे हैं। वर्तमान में चल रही सभी गाड़ियां 25 अक्टूबर से लेकर 10 दिसंबर तक फुल हो चुकी हैं। ट्रेनों में जो हाल हर साल अप्रैल, मई, जून में होती थी, उससे ज्यादा विकट स्थिति इस बार मध्य अक्टूबर से दिसंबर के पहले सप्ताह तक होगी। सूरत से चलने व यहां से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में से अवध एक्सप्रेस में नवंबर में 200 वेटिंग है, ताप्ती गंगा एक्सप्रेस, अहमदाबाद-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस, वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस और बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस में टिकट रिग्रेट हो चुकी है। रेलवे अगर इस बार स्पेशल ट्रेनें भी चलाती हैं तो भी ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि दीवाली, छठ पूजा और शादी-विवाह के लिए लोग एक ही समय पर गांव जाएंगे। इस बार अप्रैल, मई और जून, जुलाई तक लगभग 26 से ज्यादा




शादी के मुहूर्त थे। इसे लेकर बड़ी संख्या में ट्रेन के टिकट बुक हुए थे। ट्रेनें अप्रैल से मई तक रिग्रेट हो चुकी थीं, लेकिन लॉकडाउन होने से अधिकतर शादियां रद्द हो गई थी। अब ये शादियां 25 नवंबर से 11 दिसंबर के बीच होंगी। इससे अप्रैल-मई वाली भीड़ अब नवंबर में दिखेगी। इसके अलावा दिवाली और छठ पूजा पर यूपी-बिहार जाने वालों की हर साल की तरह भीड़ होगी। पहली बार बड़ी संख्या में लग्न और दोनों त्योहार की भीड़ एक ही समय होने वाली है। उत्तर पश्चिम रेलवे जोन के शेड्यूल के अनुसार 02996 अजमेर-बांद्रा त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस एक अक्टूबर से मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। 02995 बांद्रा-अजमेर एक्सप्रेस दो अक्टूबर से हफ्ते में बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। 02901 बांद्रा-उदयपुर त्रैसाप्ताहिक ट्रेन एक अक्टूबर से मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। 02902 उदयपुर-बांद्रा एक्सप्रेस दो अक्टूबर से हफ्ते में बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। 02844/43 अहमदाबाद-खुर्दा रोड ट्रेन एक अक्टूबर से पुरी स्टेशन तक जाएगी। इसी तरह 08406/05 अहमदाबाद-भुवनेश्वर को दो अक्टूबर से पुरी तक, 08402/01 ओखा-खुर्दा रोड को 7 अक्टूबर से पुरी तक, जबकि 02973/74 गांधीधाम-खुर्दा रोड को 30 अक्टूबर से पुरी तक चलाया जाएगा।

### मप्र, उप्र, गुजरात समेत किस राज्य की किन-किन विधानसभा सीटों पर होने हैं उपचुनाव?

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने एक लोकसभा और 56 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। तीन और सात नवंबर को वोटिंग होने के बाद 10 नवंबर को नतीजों की घोषणा होगी। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा आदि जैसे राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख 3 नवंबर तय की गई है, जबकि बिहार की एक लोकसभा सीट और मणिपुर की दो विधानसभा सीटों पर वोटिंग 7 नवंबर को होगी। वहीं, चुनाव आयोग केरल, तमिलनाडु, असम और पश्चिम बंगाल की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव फिलहाल नहीं कराएगा। आयोग ने इसके पीछे वजह बताई है कि इन राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने चुनाव कराने में कुछ दिक्कतों की बात कही थी।

**56 सीटों पर होने हैं विधानसभा उपचुनाव**–मध्य प्रदेश- राज्य की 28 विधानसभा सीटों पर मतदान होने जा रहे हैं। ये सीटें मार्च महीने में ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस विधायकों के इस्तीफे देने और कुछ विधायकों के निधन के बाद खाली हुई हैं। इन सीटों में जौरा, सुमावली, मुरैना, दिमनी, अंबाह, आगर-मालवा, ग्वालियर, ग्वालियर पूर्व, मेहगांव, मंधाता और ब्यावरा, गोहद, डबरा, भांडेर, मुंगावली, सुरखी, सांची, हाटपिपल्या, सुवासरा, अनूपपुर, सांवेर, बदनावर, जौरा, नेपानगर, मलहारा, करेरा, पोहरी, बामोरी, अशोकनगर शामिल हैं।

**कंगना रनौत के एक भी शब्द से सहमत नहीं**

## लेकिन क्या सांसद को इस तरह जवाब देना चाहिए

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक इंटरव्यू में शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत द्वारा एक्ट्रेस कंगना रनौत को दी गई एक कथित धमकी का जिक्र करते हुए मंगलवार को पूछा कि क्या एक सांसद को इस तरह जवाब देना चाहिए? एक्ट्रेस कंगना रनौत ने शिवसेना के नियंत्रण वाली बृह्नमुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) द्वारा नौ सितंबर को उनके बंगले में की गई तोड़-फोड़ की कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका में राउत को भी प्रतिवादी बनाया है। हाई कोर्ट ने तोड़-फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

कोर्ट ने कहा, हालांकि, हम याचिकाकर्ता (रनौत) द्वारा कहे गए एक भी शब्द से सहमत नहीं है लेकिन क्या यह बात करने का तरीका है? जस्टिस एस जे कठवल्ला और न्यायमूर्ति आरआई चागला की खंडपीठ ने कहा, हम भी महाराष्ट्रवासी हैं। हम सभी को महाराष्ट्रवासी होने पर गर्व है। लेकिन हम जाकर किसी का घर नहीं तोड़ते। क्या प्रतिक्रया देने का यह तरीका है? क्या आपमें दया नहीं है? बीएमसी की कार्रवाई को अवैध





करार देते हुए दो करोड़ रुपये के मुआवजे का अनुरोध करने वाली रनौत की याचिका पर पीठ अंतिम सुनवाई कर रही है। इससे पहले मंगलवार को सुनवाई के दौरान, राउत ने एक शपथपत्र दाखिल किया, जिसमें उन्होंने रनौत को धमकी दिए जाने से इंकार किया। शपथपत्र में कहा गया, यह इस तरह नहीं था, जिस तरह याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था। इस पर अदालत ने कहा कि कम से कम राउत ने स्वीकार किया कि वह इंटरव्यू में रानौत के बारे में बात कर रहे थे, जैसा कि पहले की सुनवाई में, उनके वकील ने इस बात से इंकार किया था कि राउत ने रनौत के संदर्भ में कुछ भी कहा था। एक चैनल को दिए इंटरव्यू में राउत ने एक्ट्रेस के संदर्भ में कथित तौर पर आपत्तिजनक शब्द का उपयोग किया था और कहा था, कानून क्या है? उखाड़ देंगे। राउत की वकील ने माना कि राज्यसभा सदस्य को अधिक जिम्मेदार होना चाहिए था। राउत की वकील ने कहा, उन्हें (राउत) ऐसा नहीं कहना चाहिए था। लेकिन वहां धमकी भरा कोई संदेश नहीं था। उन्होंने केवल इतना कहा था कि याचिकाकर्ता बेहद बेईमान है... और यही वह टिप्पणी थी जिसके बाद याचिकाकर्ता ने कहा कि महाराष्ट्र सुरक्षित नहीं है।

ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
संपर्क करें
कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560
Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# भारतीय नमो संघ की वृद्ध बैठक का आयोजन लहार विधानसभा के मिहोना नगर में कंचन मैरिज गार्डन में हुआ आयोजन

मुकेश दीक्षित

**भिंड, मिहोना.** भारतीय नमो संघ की एक बृहद कार्यकर्ता बैठक का आयोजन लहार विधानसभा क्षेत्र के मिहोना नगर में कंचन मैरिज गार्डन मैं नमो संघ के जिला अध्यक्ष ब्रजेश तिवारी के नेतृत्व आयोजित की गई, अध्यक्षता महंत श्री गणेश आनंद जी महाराज के द्वारा की गई उक्त बैठक में मुख्य अतिथि बतौर भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेश दीक्षित मौजूद रहे, और वही विशिष्ट अतिथि बतौर भारतीय नमो संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शेरा परिहार एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल दुबे तथा किसान मोर्चा नमो संघ के जिला अध्यक्ष रामप्रकाश बोहरे मौजूद रहे,उक्त कार्यकर्ता बैठक का संचालन भाजपा नेता कवि हरी बाबू निराला ने किया ,इस अवसर पर प्रदेश में चल रहे संगठन विस्तार के तहत नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि बतौर पधारे भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दीक्षित ने कहा कि मोदी सरकार ने किसान समृद्धि योजना लाकर किसानों की सुख समृद्धि के लिए ऐतिहासिक योजना लाकर बहुत ही अभूतपूर्व कार्य किया है आज मोदी सरकार ने किसान को ?6000 एवं मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने ?4000 देकर बहुत ही ऐतिहासिक कदम उठाया हैउन्होंने आगे कहा देश में लगभग पिछले आजादी से आज तक अधिकतर कांग्रेस की सरकार रही लेकिन कांग्रेस की



सरकार में किसानों के लिए आम गरीब मजदूर के लिए एवं महिला उत्थान के लिए कभी भी कोई योजना लागू नहीं की गई आज मोदी सरकार ओर मध्य प्रदेश की शिव राज़ सरकार ने जनहित के लिए कई योजनाएं निकाल कर बहुत ही अभूतपूर्व ऐतिहासिक कार्य किया है उन्होंने आगे कहा आगामी मध्य प्रदेश में 28 विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव में भारतीय नमो संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता घर घर जाकर भाजपा को विजयी बनाने को लेकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और मोदी विचारों को लेकर वोट

**मोदी सरकार ने किसानों के लिए जन हितेषी किसान सम्रद्धि योजना लागू करके उठाया ऐतिहासिक बडा क़दम, आगामी उप चुनाव में 28 विधानसभा क्षेत्र में नमो संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता मोदी सरकार की नीतियों ओर मोदी विचार को लेकर घर घर मांगेंगे वोट, उप चुनाव में भाजपा का लहराएगा सभी सीटों पर परचम**

मांगेंगे,इसके बाद नमो संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शेरा परिहार ने कहा कि फिर देश को पहली बार ऐसा प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के रूप में मिला है जो आए दिन देश हित में अभूतपूर्व ऐतिहासिक फैसले ले रहे हैं आज मोदी विचार से पूरा विश्व प्रभावित है ,नमो की जन कल्याणकारी नीतियां आमजन के लिए वरदान साबित हो रही हैं इसके बाद भारतीय नमो संघ किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की सुख समृद्धि के लिए उनके हित में किसान समृद्धि योजना लाकर किसानों को बहुत बड़ी राहत दी है, इसके बाद राष्ट्र गान कर वेठक का समापन किया,अंत में उक्त बैठक का आभार भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मिहोना नगर के विकाश बोहरे ने किया, इस अवसर पर भाजपा नेता सचिन मिश्रा, विनोद नौरोजी, संजू चौबे, जुगराज कुशवाह, मनोज बोहरे, अनिल गोरे, संतराम बघेल, पिंकू बरसाना, वृंदावन शर्मा ,सौरभ तिवारी ,जगराम कुशवाह, लोकेंद्र श्रीवास्तव, पप्पू रजक ,करूं शाक्य,राजकुमार नौरोजी, सुरेश बाल्मिक ,सत्यम तिवारी ,मन्नू गुसाई, जगमोहन कुशवाहा, शहीद शाह सैयद, जसवंत नरवरिया, देवेंद्र पंडा ,मुन्ना तिवारी ,के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसडीओपी अशोक सिह जादौन ने संभाला अम्बाह डिवीजन का पदभार...

केशब पंडित जी अम्बाह...



**अम्बाह।** अम्बाह डिवीजन के नबागत एसडीओपी अशोक सिह जादौन ने मंगलबार की सुबह 10-30 बजे एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार सँभाल लिया है मध्य प्रदेश पुलिस के युवा जॉबाज अधिकारी अशोक सिह जादौन काफी, सहज, सरल, गम्भीर, और लोक प्रिय, अफसर है उनकी अम्बाह में पहली पोस्टिंग है उनके प्रोबीजन पीरियड मे उनकी सराहना की जारही है श्री जादौन जी को महकमे के लोग भी काफी पंसन्द करते है वे अभी जहॉ भी रहै है उनकी यही कोशिस रही है कि अपराधो में गिराबट और अपराधियों में खौफ बरकरार रहै अशोक जादौन साहब ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त कार्यालीन स्टॉप से परिचय प्राप्त किया और पेन्डिग फालो को भी देखा और एक अहम मीटिग ली...




# आगरा में ऑल इंडिया पत्रकार एकता सहायता ट्रस्ट की स्थापना दिवस समारोह

संपन्न हुआ घटिया आजम खान हरियाली वाटिका में पत्रकार एकता सहायता ट्रस्ट की स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग प्रदेशों से आए पत्रकार बंधुओं ने भाग लिया उन्होंने कहा की पत्रकार बंधुओं को जब भी समस्या हो हमारा संगठन उनके साथ सदा रहेगा पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद कुमार गौरव ने अपने विचार रखे और पत्रकारों के हित की बात कही इस अवसर पर ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता एडवोकेट अश्वनी शर्मा छावनी विधानसभा प्रभारी शिवकुमार राजौरा अनिल शर्मा सिविल सोसायटी आगरा, राष्ट्रीय सचिव रेखा शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ,रजत कुलश्रेष्ठ नेशनल इश्यूज न्यूज़ आगरा जिलाध्यक्ष केशव कुलश्रेष्ठ आगरा, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह गहलोत, संयोजक पूरन चंद वर्मा ,महिला मंडल अध्यक्षरितुवर्मा,आशाअग्रवाल,एडवोकेट समता बिंद राष्ट्रीय महासचिव सह जिला प्रभारी ,दिनेश शर्मा ,सलामुद्दीन अब्बासी ,मीना कुशवाहा, रेखा नागपाल,रोहित कुलश्रेष्ठ, राजेश लवानिया,करन सिंह जिला संगठन मंत्री,रवेंद्र,धर्मपाल गिरी जिला बागपत,इलाहाबाद मंडल अध्यक्ष शाह नूर उद्दीन कमली, रोशन लाल औरैया से आए और सभी लोगों ने संगठन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# जल संरक्षण एवं स्वच्छता के कार्य प्राथमिकता से करें: पुष्पेंद्र व्यास

रिपोर्टर पुष्पेन्द्र राजपूत दिनारा शिवपुरी

**पिछोर/** पिछोर क्षेत्र के अंतर्गत आने बाली ग्राम पंचायत घौर्रा जनपद पंचायत पिछोर के सीईओ पुष्पेंद्र व्यास ने पंचायतों के सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा है कि 15 वाँ वित्त आयोग की प्रथम किस्त की राशि अभी हाल ही के दिनों में राज्य शासन द्वारा उक्त मद की राशि भोपाल से ग्राम पंचायतों के बैंक खातों में जमा करा दी गई है, उक्त प्राप्त राशि में से ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 50त्न राशि से जल संरक्षण-संवर्धन और स्वच्छता संबंधित कार्य लेने हैं और 50त्न राशि से पंचायत क्षेत्र में अधोसंरचनात्मक कार्य कराए जा सकते हैं, जिस तरह से ग्राम पंचायत धौर्रा के सरपंच श्रीमती रामवती जाटव व सचिव अजब सिंह लोधी द्वारा अपनी पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने बाले सभी हैंडपंपों पर प्लेटफार्म




और होदी का निर्माण एवं सोख्ता गड्डे का निर्माण कार्य कराना प्रारंभ कर दिया है कुछ कार्य पूर्ण भी हो गए हैं,जो बहुत ही प्रशंसनीय हैं, इस तरह के कार्यों से निश्चित रूप से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण, स्वच्छता, मलेरिया मच्छरों में कमी, जानवरों के लिए पेयजल की सुविधा इत्यादि लाभ होंगे,सोमवार को पिछोर सीईओ पुष्पेंद्र व्यास एवं सहायक मंत्री विनोद चित्तौडिया ने धौर्रा पंचायत में सामुदायिक शौचालय परिसर एवं हैंडपंप प्लेटफार्म और हौदी निर्माण का निरीक्षण किया इस दौरान उपयंत्री घनश्याम झां,कम्प्यूटर ओपरेटर प्रमोद भारद्वाज, सरपंच रामवती जाटव, सचिव अजब सिंह लोधी, सफाई कर्मचारी शोभाराम जाटव आदि उपस्थित रहे।

# कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी :सीएमओ

## दबोह नप में नवागत सीएमओ ने किया पदभार ग्रहण



**दबोह।** बीते रोज हुए तबादलों में दबोह नप में नए सीएमओ के रूप में अब बाबू लाल कुशवाह नप की कमान संभालेंगे।जिसके चलते मंगलवार को नवागत सीएमओ बाबू लाल कुशवाह ने दबोह नप पहुंचकर पदभार ग्रहण किया।पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कर्मचारियो से कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।अगर किसी भी कार्य मे कर्मचारी के द्वारा लापरवाही पाई जाती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि नगर की वार्डो की नियमित सफाई की जाए,जल प्रदाय व प्रकाश व्यवस्था को सुद्रण तरीके से व्यवस्थित की जाए।लोगो के लम्बित प्रकरणो जैसे नामान्तरण सम्बंधी,प्रधान मंत्री आवास,विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन हितग्राहियों तक पहुंचाई जाये।यहां बताना मुनासिब होगा कि नवागत सीएमओ बाबू लाल कुशवाह जी राजस्व निरीक्षक के रूप में दतिया पदस्थ थे जिन्हें अब सीएमओ नप दबोह की कमान सौंपी गई है।

# दलित बिटिया ने ली आखिरी सांस, योगी सरकार में दलित बहन-बेटियां असुरक्षित

## हाथरस रेप पीड़िता की मौत के बाद सरकार की चुप्पी पर उठ रहे हैं सवाल

हाथरस की गैंगरेप पीड़िता जिंदगी की जंग हार गई सिस्टम के आगे इंसाफ की आस में मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में उसने आखिरी सांस ली। यूपी के हाथरस में हैवानियत का शिकार हुई दलित बेटी मनीषा बाल्मिकी जिंदगी से जंग हार गई, हैवानों ने गैंगरेप के बाद उसकी जीभ काटी और उसकी रीढ़ की हड्डी भी तोड़ दी थी। घटना के बाद वह एक हफ्ते से ज्यादा बेहोशी की हालत में रही थी, हालत खराब होने के बाद किशोरी को दिल्ली के एम्स अस्पताल ले जाया गया था। उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस के थाना चंदपा इलाके के गांव में 14 सितंबर को चार दबंग युवकों ने 19 वर्षीय दलित बेटी के साथ बाजरे के खेत में गैंगरेप किया था। इस जघन्य अपराध में पुलिस का रवैया बहुत ही लापरवाही भरा रहा, रेप की धाराओं में केस ना दर्ज करते हुए छेड़खानी के आरोप में एक युवक को हिरासत में लिया। इसके बाद उसके खिलाफ धारा 307 (हत्या की कोशिश) में मुकदमा दर्ज किया गया था।

तो वहीं पुलिस प्रशासन और शासन के साथ ही मीडिया ने भी इस मामले पर आवाज उठाना जरूरी नहीं समझा क्योंकि अभी मीडिया को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत, कंगना और पायल घोष के साथ ही बालीबुड में फैले ड्रग्स एंगल की सुपारी मिली हुई है या फिर यह कह सकते हैं कि दिल्ली की निर्भया जैसी घटना यूपी में हुई है और वो भी बीजेपी शासित प्रदेश में तो ऐसे में इस मुद्दे पर बोलने-लिखने पर धर्म खतरे में आ सकता था। काश मनीषा बाल्मिकी किसी गैर बीजेपी शासित राज्य की होती तो कम-से-कम राष्ट्रप्रेमी, धर्म के ठेकेदार और मीडिया में बैठे धार्मिक एजेंडा चलाने वाले दलाल पत्रकारों ने अब-तक देश में भूकंप ला दिया होता ऐसे में शासन-प्रशासन और मीडिया को दोष देना गलत होगा गलती तो दलित बेटी मनीषा बाल्मिकी की थी एक तो बीजेपी शासित प्रदेश में रह रही थी और ऊपर से दलित भी थी। जाति-धर्म देखकर एनकाउंटर और हृ्रू जैसी कठोर धारा लगाने वाली योगी सरकार फिलहाल मौन-निंद्रा में है और किसी सवर्ण जाति के लोगों के साथ किसी तरह की कोई घटना होगी तो फौरन नींद से जागकर एनकाउंटर और हृ्रू जैसी कठोर कार्यवाही जमीनीस्तर पर दिखाई देगी लेकिन इस तरह की कठोर कार्यवाही हाथरस में हुई घटना में नहीं दिखाई देगी। इस तरह के दोहरे मापदंडों के दम पर बीजेपी का नारा है सबका-साथ सबका-विकास।

## पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी.एक्ट की बैठक आज

**मुरैना।** पी.सी. एण्ड पी.एन.डी.टी.एक्ट की बैठक कलेक्टर जिला मुरैना के चेम्बर में 30 सितम्बर को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है।

## राजस्व और पुलिस अधिकारियों की बैठक आज

**मुरैना।** विधानसभा उप निर्वाचन 2020 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण संपन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया की उपस्थिति में 30 सितम्बर को दोपहर 12 बजे न्यू कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई है।



# नवागत तहसीलदार श्यामू श्रीवास्तव ने किया पदभार ग्रहण

**भितरवार( अर्पित गुप्ता)।** मंगलवार को तहसीलदारी की लिस्ट जारी हुई थी जिसमे तहसीलदार श्यामू श्रीवास्तव को भितरवार तहसीलदार बनाया गया है,जारी आदेश के परिपालन में श्यामू श्रीवास्तव ने कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार के रूप में विधिपूर्वक पदभार ग्रहण किया।यहां बताना मुनासिब होगा कि तहसीलदार श्यामू श्रीवास्तव डबरा,बिलौआ आदि जगह अपनी सेवाएं दे चुके हैं।और वह रेत माफियाओ के हौशले परास्त करने के लिए काफी चर्चित भी रहे हैं।

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक जिला आगरा के सुरेंद्र सिंह परमार को खैरागढ़ विधानसभा अध्यक्ष पद शेफाली सिंह जी को महिला प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी बनाया गया

प्रवेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ

आगरा / कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया जी की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक आगरा में आज 27/09/2020 को पार्टी कार्यालय पर शैफाली सिंह जी को माननीय मंडल अध्यक्ष नवीन जी व जिलाध्यक्ष श्री यमराज सिंह जी के आदेश अनुसार जनसत्ता दल लोकतांत्रिक आगरा महिला मोर्चा के मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया साथ ही खैरागढ़ विधानसभा से सुरेंद्र सिंह परमार जी को खैरागढ़ विधानसभा अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया जिसमें पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्यागी, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ अजीत परमार, महानगर अध्यक्ष मनीष जादौन, युवा मोर्चा महासचिव दीपक तोमर, बृजेश परमार आदि मौजूद रहे।



## ग्वालियर के विकास पुरुष कैलाश वासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी की पुण्यतिथि कल हैं कल कई लोग उन्हें रवि गरुड़,गगन जाधव

श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे परंतु आज हम सिटी सेंटर स्थित पार्क में स्थापित मूर्ति पर धूल देख मन व्यथित हुआ तो उसे पानी साफ कर माल्यार्पण किया।



# पिछोर मैं एससी एसटी ओबीसी समाज ने सौंपा ज्ञापन

जिला ब्यूरो चीफ शिवपुरी नरेंद्र जाटव

शिवपुरी जिले के तहसील पिछोर मैं एससी एसटी ओबीसी के कर्मचारियों पर हो रहे अन्याय अत्याचार को रोकने के लिए एक बार फिर भीम आर्मी द्वारा एसडीएम एवं एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कोली समाज के राष्ट्रीय मोर्चा एवं अल्पसंख्यक राष्ट्रीय मोर्चा ने भी ज्ञापन सौंपालिखा गया है कि जो लोग सरकारी कर्मचारियों पर अभद्र टिप्पणी एवं अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए नाम भी ज्ञापन में लिख दिए गए हैं और कहां गया है 5 दिन के अंदर कार्यवाही नहीं होती है तो बहुत ही बड़ा आंदोलन होगा पिछोर में ज्ञापन देने वाले जिला प्रवक्ता भागीरथ बौद्ध जी विधानसभा प्रभारी शोभाराम गौतम अध्यक्ष अच्छेलाल ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ और आकाश भाई और भीम आर्मी के सभी साथी मौजूद थे।

## कर्नाटक में सर्राफा व्यापारियों के संगठन की

# रूपरेखा तय करने के लिए स्वामी तेजानंद से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल

**तमिलनाडु।** पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन कर्नाटक में आये दिन सर्राफा व्यापारियों पर बढ़ते पुलिस उत्पीड़न से त्रस्त राज्य के गिरवी और ज्वैलरी व्यापारियों ने तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज से आज नेमिली आर्कोणम में मुलाकात की। स्वामी तेजानंद महाराज ने कर्नाटक से आए प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया है कि शीघ्र ही व्यापारियों को पुलिस उत्पीड़न से बचाने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

स्वामी तेजानंद महाराज ने पुलिस उत्पीड़न को रोकने के लिए एक मजबूत संघठन के निर्माण के महत्व को रेखांकित किया।उन्होंने व्यापारियों को शीघ्र ही एक राज्य स्तरीय महाअधिवेशन आयोजित करने की सलाह दी।एक मजबूत संघटन खड़ा करके ही कर्नाटक पुलिस के अत्याचार तंत्र से निजात पाई जा सकती है।व्यापारी अगर संघटित है तो पुलिस फ़र्ज़ी केस थोपने से पहले हज़ार बार सोचेगी। उन्होंने तमिलनाडु राज्य का उदाहरण देते हुए व्यापारियों से कहा कि एक समय में तमिलनाडु के सर्राफा व्यापारी भी इसी तरह भय के माहौल में व्यापार कर रहे थे।लेकिन तमिलनाडु के



गिरवी और ज्वैलरी व्यापारियों ने स्वामी तेजानंद महाराज के नेतृत्व में एक भरोसेमंद संगठन की नींव रखकर व्यापारियों को पुलिस उत्पीड़न से बहुत हद तक सुरक्षित कर दिया है। कर्नाटक से आये प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वामी तेजानंद महाराज ने भावी संघटन की रूपरेखा और अन्य बिन्दुओ पर गहन चर्चा की।स्वामी तेजानंद महाराज के साथ तमिलनाडु व्यापारी संघठन के प्रदेश सहसचिव पारसमल चोयल ने भी प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से बातचीत की और कर्नाटक में हो रही घटनाओं पर रोष प्रगट किया।कर्नाटक से नेमिली पहुंचे प्रतिनिधमंडल में पारसमल राठौड़ राममूर्ति नगर रतनलाल गहलोत राममूर्ति नगर, नेतिराम काग कृष्णराज पुरम भैराराम देवड़ा कृष्णराज पुरम तेजाराम आगलेचा राममूर्ति नगर वेनारामजी चोयल, विजयराज राममूर्ति नगर और दुर्गाराम राठौड़ कृष्णराज पुरम शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने स्वामीजी का शॉल ओढ़ाकर बहुमान किया। प्रतिनिधमंडल के सदस्यौं ने शीघ्र ही कर्नाटक में राज्य स्तरीय व्यापारी महाधिवेशन आयोजित करने की मंशा जताई है ताकि भविष्य में सर्राफा व्यापारियों को सुरक्षित माहौल में कारोबार करने का मार्ग प्रशस्त हो सके।।



# एलपीजी के 300 सिलेंडर लदे ट्रक में लगी आग, धमाकों से दहल उठा इलाका

**होशंगाबाद।** मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में एलपीजी के 300 सिलेंडर से लदे एक ट्रक में आग लग गई। इसकी वजह से ट्रक में लदे सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। एक बाद एक सभी सिलेंडर फटते चले गए। धमाकों की आवाज कई किलोमीटर तक सुनी गई और पूरा इलाका दहल उठा। घटना मंगलवार तड़के की है। होशंगाबाद के बाबई कस्बे में पुल को पार सकते समय ट्रक में आग लग गई और सिलेंडरों में ब्लास्ट होने लगा। बाबई पुलिस स्टेशन के इनचार्ज आशीष पवार ने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। ट्रक के चालक ने सही समय पर निकलकर अपनी जान बचा ली। उन्होंने कहा कि पुल पर दोनों तरफ से आवाजाही को रोक दिया गया और दमकल विभाग के साथ स्थानीय लोगों के सहयोग से आग को काबू किया गया। अभी यह पता नहीं लगा है कि आग किस वजह से लगी। पवार ने कहा कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक ट्रक में 300 सिलेंडर लदे थे। लेकिन सही संख्या का पता ऑइल कंपनी के अधिकारियों से संपर्क के बाद ही चलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि धमाकों की वजह से इलाके में लोग चिंतित हो उठे। धमकों की आवाज काफी दूर तक सुनी गई। उस समय सड़क पर मौजूद कुछ लोगों ने इसे मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पुलिस ने इस मामले मं केस दर्ज कर लिया है और मामले की तहकीकत शुरू कर दी गई है।

# कोविड कमांड और कंट्रोल सेंटर से अब जानकारी प्राप्त करना आसान

**भोपाल।** जिला स्तर पर कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई है जिसका उद्देश्य नागरिकों को उनके जिले में संचालित फीवर क्लीनिक/ सेम्पल संग्रहण केन्द्र की जानकारी ऑन डिमांड उपलब्ध कराना। नागरिकों को कोविड प्रबन्धन के लिये चिन्हित संस्थाओं यथा-में अद्यतन बिस्तरों की उपलब्धता की जानकारी ऑन डिमांड उपलब्ध कराना 7 ऐसे कोविड पॉजीटिव मरीज जिन्हे होम आइसोलेशन में है उनकी चिकित्सकों द्वारा वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सक्रिय पर्यवेक्षण,होम आइसोलेशन में रखे गये कोविड-19 पॉजिटिव मरीजों के लिये वन पाइंट कांटेक्ट के रूप में कार्य करना। यदि होम आइसोलेटेड मरीज की स्थिति बिगड़ती है तो स्थानीय समन्वय कर रेफरलल ट्रांसपोर्ट के माध्यम से ऐसे मरीज को कोविड उपचार के लिये चिन्हित संस्था में भरती कराना। उददेश्यों की पूर्ति हेतु निम्नानुसार व्यवस्थायें की जाना सुनिश्चित की जा रही है। कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में कुल कितनी सीटें हों, यह जिले की शहरी जनसंख्या, कुल जनसंख्या, स्थानीय केसलोड पॉजिटिविटी, आदि बिन्दुओं के आधार पर निर्णय जिला प्रशासन द्वारा लिया जाये। प्रत्येक सीट पर एक कम्प्यूटर दक्ष शासकीय कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। इन कर्मचारियों का दायित्व कॉल सेन्टर पर लैंड होने वाली समस्त कॉल्स को रिसीव कर उनका युक्तिसंगत समाधान करना होगा। प्रत्येक 3-5 सीट्स पर एक चिकित्सा अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारी की अनुपलब्धता की स्थिति में आयुष चिकित्सा अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाये। कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर 24-7 संचालित रहेगा। इसके लिये आवश्यक मानव संसाधन की 3 पृथक-पृथक शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाये। कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर हेतु राज्य स्तर पर एकल (कॉमन) नंबर 1075 होगा। नागरिक द्वारा जिले के नंबर 1075 डायल करने पर कॉल सीधे जिला कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर पर लेंड करेगी। जिले के स्ञ्जष्ठ ष्टश्सस्त्रद्ग के साथ नंबर 1075 डायल करना होगा। जिला स्तरीय कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की स्थापना हेतु राज्य स्तर से प्रत्येक जिले में एक, वीडियो कॉलिंग हेतु

## 1075 और 104 नंबर पर कॉल कर ले सकते हैं जानकारी

10 का ब्रॉडबैण्ड कनेक्शन, तथा 3 मोबाईल नंबर, जिन पर व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग एक्टिवेट की जा सकेगी, प्रदाय किये जाने हेतु कार्यादेश दिये गये हैं। अपेक्षा है कि जिला प्रशासन स्थानीय ब्र्स्हरु अधिकारी से समन्वय कर यथाशीघ्र बिन्द क्रमांक-6 अनुसार अधोसंरचना स्थापित कराते हुये, जिला स्तरीय कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर को क्रियाशील करेंगे। कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के माध्यम से होम आईसोलेटेड कोविड पॉजिटिव मरीज के पर्यवेक्षण हेतु आउट बांड वीडियो कॉलिंग का प्रबंधन , ऐसे कोविड पॉजिटिव मरीज जिन्हें होम आईसोलेशन में रखा गया है, को कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में तैनात किये गये चिकित्सक के द्वारा एक दिन में दो बार वीडियो कॉल किया जायेगा। इसके लिये उपलब्ध कराये गये नंबर पर व्हाट्सअप से वीडियो कॉलिंग सेवा उपयोग की जा सकेगी। यदि किसी जिले में 3 से अधिक नंबर पर वीडियो कॉलिंग सेवा सक्रिय की जानी है, तो स्थानीय प्रशासन ब्र्स्हरु अधिकारी से समन्वय कर अतिरिक्त नंबर पर व्हाट्सअप वीडियो कॉलिंग सेवा की व्यवस्था कर सकेंगे। कोविड-19 मरीज से वीडियो कॉलिंग के माध्यम से बात कर, कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर पर नियुक्त चिकित्सक उनकी चिकित्सकीय स्थिति की जानकारी प्राप्त करेंगे। प्रत्येक दिवस में 2 बार होम आईसोलेटेड मरीजों की चिकित्सकीय स्थिति संबंधित सूचकांकों की प्रविष्टि पोर्टल पर की जा सकेगी। कोविड-19 पॉजिटिव मरीजों को होम आईसोलेशन में रखे जाने के साथ ही संबंधित पॉजिटिव मरीजों को अपने मोबाईल पर सार्थक् लाइट एप्प डाऊनलोड करने का अनुरोध किया जाये। सार्थक् लाइट एप्प पर अब होम आईसोलेटेड कोविड 19 पॉजिटिव मरीज द्वारा सेल्फ रिपोर्टिंग किये जाने की सुविधा उपलब्ध है। सार्थक् लाइट एप्प डाऊनलोड किये जाने उपरांत होम आईसोलेटेड कोविड 19 पॉजिटिव मरीज स्वयं पल्स ऑक्सीमीटर एवं थर्मामीटर के माध्यम से दैनिक रूप से चिकित्सकीय सूचकांकों की जानकारी एप पर अद्यतन करेंगे, जो कि जिला स्तरीय कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के लॉग इन पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।

# मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाईजरी

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा बारिश के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाईजरी जारी की गई है। एडवाईजरी में कहा गया है कि बारिश के मौसम में अपने आसपास नियमित साफ-सफाई करें। वर्षा के जल को एक जगह एकत्रित न होने दें। मलेरिया, डेंगू एवं चिकुनगुनिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाईजरी जारी की गई है। **मच्छर से फैलने वाले वाहक जनित रोग**-मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से सुरक्षा के लिए जनभागीदारी व जनजाग्रति का होना आवश्यक है। वर्षाकाल में जगह-जगह एकत्रित पानी में मच्छरों की उत्पत्ति व वृद्धि होती है। ये मच्छर, रोगी व्यक्ति को काटने पर संक्रमित हो जाते है व इन संक्रमित मच्छर के काटने से मलेरिया, डेंगू,चिकनगुनिया, रोग का प्रसार होता है। इन बीमारियों से ग्रसित रोगी को बुखार सिरदर्द, बदनदर्द, उल्टी आना, ढंड लगना जैसे लक्षण होते हैं जिनका त्वरित उपचार आवश्यक है। मलेरिया रोग एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है तथा यह मच्छर रात में सक्रिय रहता है। डेंगू व चिकनगुनिया रोग, सफेद चकते वाले एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन में सक्रिय रहता है। बीमारी फैलाने वाले मच्छर घरों में नमी वाले अंधेरे स्थान में विश्राम करते है एवं साफ व रूके पानी में पनपते हैं जो कि हमारे घरों में व आसपास पानी से भरे पात्र जैसे- गमले, टंकी, टायर, मटके, कूलर, टूटाफूटा कबाड में भरे पानी, नल, हैण्डपंप व कुएं के आसपास भरे पानी में मच्छर अपने अण्डे देते हैं। पानी से भरे बर्तन, टंकियों आदि का पानी सप्ताह में अवश्य बदलते रहें व कुएं, हैण्डपंप, नल के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। गड्ढों का मिट्टी से भराव करें या पानी की निकासी कराकर मच्छरों के उत्पत्ति स्थल को नष्ट करें, व मच्छरों के लार्वा नहीं पनपने दें। मच्छरों से बचाव करें। मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरे आस्तीन के कपडे पहने, मच्छर भगाने वाली क्रीम या क्वाइल का उपयोग करें, नीम की पत्ती का धुंआ करें। कोई भी बुखार मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया हो सकता है जिसका इलाज संभव है। किसी भी बीमारी के लक्षण दिखने पर शीघ्र स्वास्थ्य केन्द्र में जांच करायें तथा चिकित्सक के परामर्श से पूर्ण उपचार लें। मलेरिया की जांच ग्राम स्तर तक आरोग्य केन्द्र व स्वास्थ्य केन्द्रो में निःशुल्क उपलब्ध है।

# बदल रहा है मप्र का मौसम, लौटने लगा मानसून, पिछले साल अक्टूबर तक था सक्रिय

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बारिश का दौर अब खत्म होने वाला है। मौसम विभाग के हिसाब से एक जून से 30 सितंबर तक बारिश की अवधि मानी जाती है। इस दफा 47.4 इंच पानी गिरा है, जो औसत से 13.4 इंच ज्यादा है। पिछले साल 30 सितंबर की अवधि तक 53 इंच पानी गिरा था। बिलावली तालाब और यशवंत सागर पूरी क्षमता से भरे हुए हैं। इनमें क्रमशः 24 और 10 फीट पानी आ गया है। इसका मतलब यह है कि अगले साल गर्मी खत्म होने तक पानी की कमी नहीं होगी। अगस्त की बारिश 11.5 इंच तक मानी जाती है। इस बार अगस्त में 24 इंच के करीब पानी गिरा। सौ साल में पहली बार 12.5 इंच पानी एक साथ गिरा। इसी बारिश ने सालभर का कोटा पूरा कर दिया था।

अमूमन जून में छह दिन पानी गिरता है। इस बार एक से 3 जून तक पानी गिरा। फिर 15 जून को मानसून घोषित हुआ, लेकिन बरसा नहीं। 18, 19 को पानी गिरा। 28 जून को बारिश हुई थी। जुलाई में 13 से 14 दिन पानी गिरता है, लेकिन इस वर्ष 1 से 10 जून के बीच केवल ढाई इंच पानी गिरा। फिर जुलाई के अंत में यानी 20 से 30 जुलाई के बीच 5 इंच पानी बरसा। 19 अगस्त तक 19 से 20 इंच। 21, 22 अगस्त को एक ही बार में 12.5 इंच गिरा। 28 अगस्त को 3 इंच बारिश हुई। इसे मिलाकर बारिश 37 इंच तक पहुंच गई। 6 सितंबर के बाद 2 से 2.5 इंच बारिश के 4 राउंड आए। आंकड़ा 47 इंच तक पहुंच गया। सितंबर में बारिश के दिन 7 से 8 होते हैं, पर इस बार 11 दिन पानी बरसा।

**जानें देश के किस हिस्से में कब होगी** और वापसी की तारीखों के अनुसार, उत्तर पश्चिम भारत से मानसून वापसी की शुरुआत की सामान्य तिथि 17 सितंबर है और देश से पूरी तरह से वापसी की तारीख 15 अक्टूबर है।



**मानसून की वापसी की शुरुआत**-भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मानसून सोमवार से पश्चिमी राजस्थान से हटना शुरू हो जाएगा। उत्तर-पश्चिम भारत का अधिकांश भाग शुष्क मौसम वाला दिखाई देगा। इस वर्ष आईएमडी द्वारा निर्धारित नई सामान्य तिथि की तुलना में मानसून वापसी की शुरुआत 11 दिनों की देरी से हुई है। अप्रैल में आईएमडी द्वारा जारी किए गए नए मानसून की शुरुआत पिछले साल तक, वापसी की शुरुआत के लिए सामान्य तारीख 1 सितंबर और 15 अक्टूबर को पूरी तरह से वापसी की तारीख निर्धारित किया था। ढ्ढरूष्ठ की नई शुरुआत की तारीखों की गणना ढ्ढरूष्ठ पुणे में वैज्ञानिकों ने 1961 से 2019 के मानसून डेटा के विश्लेषण के आधार पर की थी और वापसी की तारीख 1971 से 2019 के डेटा पर आधारित है। शुक्रवार को साप्ताहिक मौसम रिपोर्ट पेश करते हुए आईएमडी की वरिष्ठ वैज्ञानिक सुनीता देवी ने कहा, पिछले पांच वर्षों से हम केवल 15 सितंबर के बाद मानसून वापसी का दस्तावेजीकरण कर रहे हैं। इसलिए तारीखें बदल गई हैं, यही वजह है कि आईएमडी द्वारा नई तारीखें जारी की गईं। पूर्वी बिहार और इससे सटे उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम पर एक चक्रवाती संचलन और गंगा पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश के तटीय ओडिशा में आंध्र प्रदेश के तट से दूर पश्चिम बंगाल के चक्रवाती परिसंचरण से एक ट्रफ (निम्न दबाव का क्षेत्र) है। एक और चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण आंध्र प्रदेश और उसके पड़ोस पर है। इन प्रणालियों के प्रभाव में, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और तटीय आंध्र प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान व्यापक और भारी बारिश होने की संभावना है। इसी अवधि में मेघालय के कुछ हिस्सों में बहुत भारी बारिश की भी संभावना है। आईएमडी के रविवार रात के बुलेटिन में कहा गया है कि उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में शुष्क मौसम की संभावना है। देश में मानसून की बारिश 1 जून से 9त्न अधिक है, दक्षिण प्रायद्वीप पर 30त्न से अधिक है; मध्य भारत पर 16त्न अतिरिक्त; उत्तर-पश्चिम भारत पर 15त्न की कमी और पूर्व और पूर्वोत्तर भारत की तुलना में 7त्न अधिक है।

# शादी का झांसा देकर भगा ले गया लड़का फिर दोस्तों संग किया गैंगरेप, 5 को उम्रकैद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 15 साल की नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के 5 दोषियों को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इस मामले में पीड़िता से देह व्यापार कराने वाली महिला समेत तीन दोषियों को भी कोर्ट ने 20-20 साल कैद की सजा सुनाई है। स्पेशल कोर्ट की जज कुमुदनी पटेल ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों सूफियान उर्फ भैया उर्फ कबूतर, शाहरुख, फैजल उर्फ फैसल, अल्ताफ, अरुण यादव उर्फ गांगुली को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके अलावा देह व्यापार कराने के तीन दोषियों प्रियंका चौहान, अंकित महेश्वरी और प्रकाश कजौरिया को 20-20 वर्ष की सजा सुनाई है।

पीड़िता की तरफ से वकीलों ने तर्क दिए कि 15 वर्षीय नाबालिग को शादी का झांसा देकर और भगाकर सामूहिक दुष्कर्म करना व वेश्यावृत्ति में झोंक दिया जाना, अत्यंत गंभीर अपराध हैं। इस अपराध के बाद डर की वजह से नाबालिग घर जाने की भी हिम्मत नहीं कर पाई थी। ऐसे दोषियों को कड़ी सजा से दी जाए। पीड़िता की मां ने बीते साल 19 दिसंबर को थाना टीलाजमालपुरा में शिकायत की थी कि उनकी 15 वर्षीय बेटी कपड़े सिलवाने को कह घर से कर गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। थाना टीलाजमालपुरा में मामला दर्ज किया गया था। इसके एक महीने बाद पीड़िता की मां अपनी बच्ची को लेकर थाने पहुंची। वहां पीड़िता ने बताया था कि बीते साल 15 दिसंबर को सूफियान नाम का



लड़का उसे भगाकर ले गया था। उसने कहा था कि वह मुझसे शादी करेगा। सूफियान जहां मुझे लेकर गया वहां उसके साथ 4 लड़के और थे। उनमें से दो के नाम अल्ताफ और फैजन थे व दो अन्य को मैं नहीं पहचानती। वहां एक लड़की अनुराधा भी थी। इन सभी ने नशा किया और फिर मेरे साथ दुष्कर्म किया। बाद में अनुराधा मुझे लेकर प्रियंका चौहान के घर लेकर गई, जहां मेरी तस्वीरें खींची गई और भोपाल ले जाकर वहां के होटलों में कई लोगों ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि प्रियंका की दोस्त रिया भी उसे लेकर जबलपुर के एक होटल में गई, जहां होटल मालिक सनी तिवारी ने दुष्कर्म किया। रिया के बर्थडे में बहुत से लड़के आए जिनमें राहुल, दैविक और अन्य लड़के भी थे, जिनका नाम मैं नहीं जानती। यहां राहुल और दैविक ने दुष्कर्म किया था। उसके बाद प्रियंका मुझे लेकर इन्दौर गई, जहां प्रियंका का पति मोनू मिला और आरोपी प्रकाश उर्फ भूरा. मोनू और उसके दोस्त अभिषेक ने शराब पीकर दुष्कर्म किया। ये दोनों मुझे लेकर भोपाल आ गए, जहां होटल में मण्डीदीप से आए अंकित महेश्वरी ने दुष्कर्म किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना टीलाजमालपुरा में 17 आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था।

# कलेक्टर ने दिए 15 अक्टूबर तक आधार सीडिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**रायसेन।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित समस्त पात्र हितग्राहियों के डाटाबेस में आधार सीडिंग का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्ण किए जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 15 अक्टूबर 2020 तक की समयावधि निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव द्वारा वन नेशन वन राशन कार्ड व्यवस्था के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों के डाटाबेस में आधार सीडिंग का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत, पीओ डूडा, जनपद सीईओ, सीएमओ, सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित संबंधितों को दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित शासकीय सेवक तथा शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान में सम्मिलित हितग्राहियों में से जिन हितग्राहियों के डाटाबेस में आधार नम्बर दर्ज नहीं है उनकी सूची ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के एमराशन मित्र पोर्टल के लॉगिन में उपलब्ध कराई गई है। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों को सूची सभी शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक, नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारियों एवं विक्रेताओं के द्वारा पंचायत क्षेत्र और नगरीय क्षेत्र के समस्त शेष हितग्राहियों के आधार नम्बर घर-घर जाकर एकत्रित कर एम राशन मित्र पोर्टल पर अथवा शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता के माध्यम से पीओएस मशीन में सीडिंग कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पीओएस मशीन में उपलब्ध विकल्प के माध्यम से हितग्राहियों के आधार सीडिंग संशोधन एवं ईकेवायसी भी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन हितग्राहियों द्वारा अभी तक आधार नम्बर उपलब्ध नहीं कराए गए हैं उनसे 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2020 तक राशन वितरण करते समय भी आधार नम्बर अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाकर सीडिंग किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए पात्र हितग्राहियों को पूर्व से अवगत कराया जाए कि वह राशन सामग्री प्राप्त करने के लिए जाते समय आधार नम्बर आवश्यक रूप से साथ लाएं। बीमार, निःशक्तजन, वृद्ध और बच्चों के आधार सीडिंग की कार्यवाही आवश्यकतानुसार ग्राम स्तर पर और घर पर जाकर कराई जाने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित सभी पात्र हितग्राहियों में से जिनके द्वारा अभी तक आधार नम्बर के लिए पंजीयन नहीं कराया गया है उनका पंजीयन निकटतम आधार पंजीयन केन्द्र पर ग्राम पंचायत सचिव या रोजगार सहायक एवं नगरीय निकाय के वार्ड प्रभारियों के माध्यम से किया जाएगा और आधार नम्बर प्राप्त होने पर एम राशन मित्र पोर्टल अथवा पीओएस मशीन में सीडिंग कराई जाएगी।

# विश्व हृदय दिवस पर अनेक कार्यक्रम

**भोपाल।** स्वस्थ रहे हृदय, सेहतमंद बने, जीवन स्वस्थ, हृदय ही दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कुंजी है। संतुलित आहार व जीवनशैली अपनाएं और अपने हृदय की समुचित देखभाल करें। हृदय रोगों के प्रति आमजन में जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष 29 सितम्बर का दिन स्त्रश्रह्म्द्यस्न॥द्गड्डह्ल्ह्रष्ठड्ड4 के रूप में मनाया जाता है। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर आज भोपाल जिले के बैरसिया उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आमजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। हृदय को स्वस्थ बनाने के तरीकों के बारे में बताया गया। अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए वजन पर नियंत्रण रखें, नियमित व्यायाम करें, मानसिक तनाव से दूर रहें और पौष्टिक भोजन लें। स्वस्थ हृदय यानी दीर्घ एवं सेहतमंद जीवन अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए अनियमित एवं अनियंत्रित खानपान न करें। वसायुक्त भोजन, जंकफूड, धूम्रपान, तम्बाकू एवं शराब के सेवन से बचें। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अपने हृदय की नियमित रूप से जांच कराएं।

## फिट इंडिया फ्रीडम रन 2 अक्टूबर तक

**भोपाल।** खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस से फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2020 तक जारी रहेगा। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि फिट इंडिया फ्रीडम रन में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति अपना ऑनलाइन पंजीयन वेबसाइट पर स्वयं कर सकते हैं। इसमें प्रतिभागी को अपने रूट का चयन तथा दौड़ के दौरान निर्धारित स्थल पर ब्रेक लेने, दौड़ की दूरी एवं गति का निर्धारण स्वयं करना है। प्रतिभागी अपनी फ्रीडम दौड़ का पूरा विवरण रनिंग एप में रख सकते हैं जिसे फिट इंडिया वेबसाइट में व्यक्तिगत प्रोफाइल बनाकर अपलोड करना होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को दौड़ के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे।

# वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि आज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश वृत्तिकर संशोधन अधिनियम 2018 के अंतर्गत वर्ष 2020-21 के लिये वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2020 है। जिला वाणिज्यकर अधिकारी ने बताया है कि जीएसटी में पंजीयत व्यवसाई, निजी विद्यालय/महाविद्यालय, कम्प्यूटर सेंटर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, सीए, वकील, बीमा अभिकर्ता, बीमा कम्पनी, फाईनेंस बैंक/कम्पनी, मदिरा दुकान संचालक, चिटफण्ड संचालित वाली संस्थायें या व्यक्ति, सहकारी सोसाईटी, ट्रांसपोर्टर, कोचिंग संस्थान, निजी चिकित्सालय, निजी जीएनएम, लेबटेक्नीशीयन, फर्मासिस्ट, एक्सरे ट्रेनिंग सेंटर, जिमसेंटर, धर्मकाटा, होटल, लॉज, विवाह मंडप, टेंट शामयाना, केवल ऑपरेटर, वीडियो पार्लर, ब्यूटी पार्लर, फाइनेंस कम्पनी, क्लीनिक, लैब पेथोलॉजी, नर्सिंग होम, क्योस्क सेंटर, फैशन डिजाईनर, बुटीक आदि उक्त तिथि तक अनिवार्यतः वृत्तिकर जमा करायें जिससे बिलंब से लगने वाली शास्ति व वसूली की कार्यवाही से बचा जा सके।

## बॉर्डर पार कराया, फिर 500 रुपए में फर्जी आधार कार्ड बनाया..

# देह-व्यापार के लिए लाई जाती थीं बांग्लादेशी लड़कियां

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के इंदौर में बांग्लादेश से बॉर्डर पार करवाकर गैर कानूनी ढंग से देह व्यापार के लिए लाई गईं लड़कियों के फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो आरोपियों को एमआईजी पुलिस ने पकड़ा है। ये दोनों गांधी नगर में फोटो स्टूडियो चलाते थे। यहीं पर पांच सौ रुपए में कलर प्रिंटर व मशीनों से आधार कार्ड बनाकर देते थे। एमआईजी टीआई विजय सिसोदिया के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों के नाम दीपक वैष्णव और गोवर्धन पुरोहित हैं। दीपक का गांधी नगर में फोटो स्टूडियो है। गोवर्धन भी उसी के साथ काम करता था। 26 सितंबर को श्रीनगर के उमा अपार्टमेंट में पकड़ी गईं चार बांग्लादेशी लड़कियों व आरोपी नसरूद्दीन मलिक व उसकी पत्नी से पूछताछ में पता चला था कि बांग्लादेश से जो लड़कियां एजेंट के जरिए इंदौर लाई जाती थीं, उन्हें यहां देह व्यापार के लिए होटलों में ठहरने, फार्म हाउस में भेजने और अन्य कामों के लिए भारतीय पहचान की जरूरत होती थी।

टीआई ने लड़कियों की तलाशी कराई तो उनके पास से आधार कार्ड मिले। जब इनके नंबर और पते की जांच की गई तो वे फर्जी निकले। बाद में जब आरोपी दंपती से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने गांधी नगर में आरोपी दीपक के फोटो स्टूडियो से लड़कियों के फर्जी आधार कार्ड तैयार



कराने की बात कबूली। दीपक व गोवर्धन ने आम लोगों के आधार कार्ड का उपयोग कर बांग्लादेशी लड़कियों के लिए फर्जी आधार कार्ड बना दिए। एमआईजी पुलिस ने सोमवार को इनके स्टूडियो की सर्चिंग की तो भारी मात्रा में फर्जी आधार कार्ड मिले। केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। उधर, बांग्लादेश से अवैध तरीके से लाई गई 13 लड़कियों को घर भेजने के लिए इंदौर पुलिस ने बांग्लादेश के दूतावास से संपर्क किया है। पुलिस को यह भी पता चला है कि इस रैकेट के एजेंट शहर में रूस व यूक्रेन की एस्कॉर्ट सर्विस से जुड़ी लड़कियों को भी बुलाते थे। डीआईजी ने दिल्ली के इमिग्रेशन डिपार्टमेंट से संपर्क कर युवतियों की जानकारी मांगी है। डीआईजी हरि नारायण चारी मिश्र ने बताया कि रूस व यूक्रेन की लड़कियां दिल्ली, मुंबई से होकर इंदौर पहुंचती थीं। इन्हें शहर के कई बड़े होटलों या फार्महाउस में ठहराया जाता था। गिरोह से जुड़े सागर जैन, रोहन, कपिल, प्रमोद उर्फ बाबा के गिरफ्तार होने के बाद नई जानकारियां सामने आएंगी। आशंका है कि शहर में सेक्स सर्विस के लिए कई और लड़कियां हैं जो बंधक बनाकर रखी गई हैं। ऐसी सभी युवतियों को छुड़ाने की कोशिश की जा रही है। डीआईजी ने यह भी कहा है कि इस गिरोह के फरार एजेंटों के संपर्क में रहने वाले या उनसे सांठ-गांठ करने वाले पुलिस कर्मचारियों की वे खुद जानकारी जुटा रहे हैं। कई थानों के कर्मियों के नाम भी पता चले हैं। ये विभाग की छवि खराब करने वाले लोग हैं। इनकी बर्खास्तगी की कार्रवाई भी की जा सकती है।

## मन की बात

### कविता का शीर्षक : योगी बनना आसान नहीं



ओझपूर्ण वाणी है जिसकी।
तेज सूर्य का जिसमें ।।
राह नयी थी उसकी ।
जीवन नया था उसका ।।
जब संत समाज को उसने ।
एक मार्ग चुना था अपना ।।
मां के आंसू रोके नहीं ।
पीता भी खूब रोया ।।
जब भगवा पहने भिक्षा लेने ।
वह खुद के द्वार जा पहुंचा ।।
योगी बनना आसान नहीं ।
योगी बनाना आसान नहीं ।।
अब भगवा की पहचान है योगी ।
उत्तर प्रदेश की शान है योगी।।
शिक्षा का एक मार्ग योगी।
जीवन का आधार है योगी ।।
अब भूमि नहीं लुटेगी ।
ना लुटेगा कोई किनारा ।।
भगवा के आंचल में है ।
उत्तर प्रदेश ये सारा ।।
योगी बनाना आसान नहीं।
योगी बनाना आसान नहीं ।।
अब राह बदल गई उसकी ।
जीवन बदल गया उसका ।।
अब, गुंडे थरथर कापे ।
है कापा भ्रष्टाचार।।
योगी जी के राज में।
दूर हुआ अंधकार ।।
की ,राजपूत ही राज करेगा ।
अब हम ने यह ठाना है।।
उत्तर प्रदेश की गद्दी पर ।
हर बार इन्हीं को आना है।।

**नाम = कवि शिवम बैरागी गुप्ता**
**पता = राजाजीपुरम (लखनऊ)**

### कोमल की कुण्डलियाँ



चिकने चुपड़े चेहरे,वॉलीवुड की शान।
पीछे इनके क्या छुपा, सोच-सोच हैरान।
सोच-सोच हैरान, ड्रग्स की मादक बातें। सुन्दर
मुख सुकमार,किन्तु हैं भ्रामक घातें।
कह कोमल कविराय,सुकोमल भोले मुखड़े।
अंदर है विष व्याप्त, दीखते चिकने चुपड़े।
फिल्मी नायक नायिका, करें घिनौने काम।
उतने नीचे काम हैं,जितने ऊँचे नाम।
जितने ऊँचे नाम, काम सब काले-काले।
डूब ड्रग्स में मस्त, हुए मादक मतबाले।
कह कोमल कविराय, हुये हैं ऐसे जुल्मी।
करें युवा बरबाद,हस्तियाँ जो हैं फिल्मी।

**श्याम सुन्दर श्रीवास्तव कोमल**
**व्याख्याता-हिन्दी**
**अशोक उ0मा0विद्यालय,**
**लहार,भिण्ड (म0प्र0)**

# तमिलनाडु : सजने लगा चुनावी चौसर

**उन्हें जेल की सजा तो भुगतनी ही पड़ी, अगले 10 वर्षों तक उनके कोई चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई। हालात का फायदा उठाते हुए नवनियुक्त मुख्यमंत्री पलानीसामी ने न सिर्फ पार्टी में अपनी पकड़ मजबूत बनाई, बल्कि अब वह राज्य की चुनावी राजनीति में अपना कद गढ़ने में जुटे हैं। उन्होंने सरकार में नंबर दो रहे पन्नीरसेल्वम को बड़े करीने से किनारे लगाया है। हाशिये पर पड़े पन्नीरसेल्वम अब पार्टी के भीतर कुछ शक्ति हासिल करने की कोशिश में हैं, ताकि वह अपने समर्थकों को संतुष्ट कर सकें। अन्नाद्रमुक को पारंपरिक रूप से थेवर जाति का समर्थन मिलता रहा है। यह तमिलनाडु की एक काफी प्रभावशाली और ताकतवर मध्यवर्ती जाति है। शशिकला और पन्नीरसेल्वम इसी सामाजिक समूह से आते हैं। जयललिता के समय भी इस जाति का समर्थन अन्नाद्रमुक की रीढ़ था। खासकर दक्षिण तमिलनाडु में इसका काफी असर है। मुख्यमंत्री पलानीसामी गोंडर हैं। यह भी एक ताकतवर मध्यवर्ती जाति है और अन्नाद्रमुक का समर्थन करती आई है। खासकर राज्य के पश्चिमी भाग में यह अपना ज्यादा प्रभाव रखती है।**

तमिलनाडु की मौजूदा राजनीति में यदि किसी व्यक्ति की कामयाबी देखने लायक है, तो वह मुख्यमंत्री ई के पलानीसामी ही हैं। वह न सिर्फ जयललिता मंत्रिमंडल के एक महत्वहीन मंत्री की छवि से बाहर निकलने में कामयाब रहे, बल्कि आज तमिलनाडु की राजनीति के केंद्र में हैं और बदलाव की पटकथा लिखते हुए दिख रहे हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक का नेतृत्व पलानीसामी ही करेंगे। निस्संदेह, यह एक बेहद मुश्किल काम है कि अन्नाद्रमुक को लगातार तीसरी बार वह सत्ता में लेकर आएं, मगर उन पर यह आरोप नहीं लगाया जा सकता कि उन्होंने इसकी पर्याप्त कोशिश नहीं की। जिस राज्य की राजनीति में लगातार दूसरा कार्यकाल ही किसी पार्टी या गठबंधन के लिए बड़ी उपलब्धि हो, वहां तीसरे कार्यकाल की अपेक्षा ही अपने आप में एक दुस्साहसी ख्याल है। लेकिन पलानीसामी के पास अपनी सत्ता को कायम रखने के वास्ते कोशिश करने के सिवा और कोई विकल्प नहीं है। बल्कि मन ही मन वह अन्नाद्रमुक को अपने नियंत्रण में रखने की रणनीतियां भी बना रहे होंगे। यदि आगामी विधानसभा चुनाव में पराजय हाथ आई, तो फिर पार्टी पर नियंत्रण के लिए पन्नीरसेल्वम के साथ संघर्ष काफी महत्वपूर्ण हो जाएगा।

इन दोनों नेताओं के बीच परदे के पीछे जारी जंग सामने आ चुकी है। पन्नीरसेल्वम ने अपने समर्थकों को यह कहकर अपना दांव चल दिया है कि उन्होंने मौजूदा सरकार में नंबर-दो बनना स्वीकार कर लिया, तो इसका यह मतलब नहीं कि यह स्थिति हमेशा के लिए स्वीकार कर ली है। पिछले महीने के मध्य में उनके समर्थकों ने एक तरह से आभासी बगावत कर दी थी। पन्नीरसेल्वम के गृह नगर तेनी की दीवारों को उनके समर्थकों ने पोस्टरों से पाट दिया था, जिनमें अगले चुनाव में मुख्यमंत्री उम्मीदवार के तौर पर उन्हें पेश किया गया था। मंत्रिमंडल में दोनों गुटों के मंत्रियों ने मिलकर यह कोशिश भी की थी कि मामले को ठंडा किया जाए, मगर अब यह विवाद सुलझता हुआ नहीं दिखता। पार्टी की शीर्ष निर्णायक संस्था- कार्यकारी समिति- में तमाम मंत्री, विधायक और राज्य व जिला स्तर के पार्टी पदाधिकारी समेत 300 सदस्य हैं। ये सदस्य सोमवार को एक अलिखित एजेंडे के तहत मिले, ताकि यह तय कर सकें कि पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री का अगला उम्मीदवार कौन होगा? चूंकि इसका उत्तर पूर्व निर्धारित है, इसलिए इस कवायद का असली मकसद दोनों नेताओं की सत्ता में हिस्सेदारी तय करने की ही रही। अन्नाद्रमुक के अंदरूनी आकलन के मुताबिक, पार्टी के 80 प्रतिशत नेता और कार्यकर्ता मुख्यमंत्री पलानीसामी के समर्थन में हैं। इससे पन्नीरसेल्वम के लिए अब मौके काफी सीमित रह गए हैं। पन्नीरसेल्वम पूर्व में तीन बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। दो बार जब जयललिता को जेल जाना पड़ा था और तीसरी बार उनकी मौत के बाद अंतरिम मुख्यमंत्री के रूप में। इन तीनों ही मौकों पर उन्हें यह पद उनकी गहरी वफादारी और इस बोध के तहत मिला था कि उनमें इतना राजनीतिक कौशल नहीं है कि वह इस पद पर बिठाने वाले को उखाड़ फेंकें। पन्नीरसेल्वम के उलट उनके उत्तराधिकारी पलानीसामी ने पहले ही मौके में उस व्यक्ति का दामन झटक दिया, जिसने उन्हें इस पद पर मनोनीत किया था। जयललिता की हमसाया रहीं शशिकला नटराजन ने उनकी मौत के बाद पहले पन्नीरसेल्वम को उनका उत्तराधिकारी मनोनीत किया था, लेकिन फिर उन्हें कुछ खतरा महसूस हुआ और उन्होंने पलानीसामी को पन्नीरसेल्वम की जगह बिठा दिया। शशिकला को संदेह था कि पन्नीरसेल्वम भाजपा के साथ सांठगांठ कर रहे हैं, जो केंद्र में अपनी सत्ता के बूते परोक्ष रूप से अन्नाद्रमुक को नियंत्रित करना चाहती है। दरअसल, पलानीसामी को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे शशिकला की मंशा यह थी कि जब तक शोक की अवधि खत्म नहीं हो जाती और वह खुद इस पद पर काबिज होने की हालत में नहीं आ जातीं, तब तक इसे सुरक्षित हाथों में रखा जाए। लेकिन वह दुर्भाग्यशाली रहीं। उन्हें जेल की सजा तो भुगतनी ही पड़ी, अगले 10 वर्षों तक उनके कोई चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई। हालात का फायदा उठाते हुए नवनियुक्त मुख्यमंत्री पलानीसामी ने न सिर्फ पार्टी में अपनी पकड़ मजबूत बनाई, बल्कि अब वह राज्य की चुनावी राजनीति में अपना कद गढ़ने में जुटे हैं। उन्होंने सरकार में नंबर दो रहे पन्नीरसेल्वम को बड़े करीने से किनारे लगाया है। हाशिये पर पड़े पन्नीरसेल्वम अब पार्टी के भीतर कुछ शक्ति हासिल करने की कोशिश में हैं, ताकि वह अपने समर्थकों को संतुष्ट कर सकें। अन्नाद्रमुक को पारंपरिक रूप से थेवर जाति का समर्थन मिलता रहा है। यह तमिलनाडु की एक काफी प्रभावशाली और ताकतवर मध्यवर्ती जाति है। शशिकला और पन्नीरसेल्वम इसी सामाजिक समूह से आते हैं। जयललिता के समय भी इस जाति का समर्थन अन्नाद्रमुक की रीढ़ था। खासकर दक्षिण तमिलनाडु में इसका काफी असर है। मुख्यमंत्री पलानीसामी गोंडर हैं। यह भी एक ताकतवर मध्यवर्ती जाति है और अन्नाद्रमुक का समर्थन करती आई है। खासकर राज्य के पश्चिमी भाग में यह अपना ज्यादा प्रभाव रखती है। पलानीसामी और पन्नीरसेल्वम, दोनों एक-दूसरे के साथ इसलिए बने हुए हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि अन्नाद्रमुक के टिके रहने के लिए इन दोनों जाति समूहों का सामाजिक गठजोड़ बहुत जरूरी है। अगले साल की शुरुआत में शशिकला के बेंगलुरु जेल से बाहर आने की अटकलें हैं। राज्य की राजनीति में इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं। भाजपा के लिए महत्वपूर्ण यह है कि अन्नाद्रमुक में कोई बिखराव न हो। वह परदे के पीछे से लगातार इसके लिए प्रयास करती रही है। हाल ही में शशिकला के भतीजे दिनाकरन ने दिल्ली की यात्रा की और कहा जाता है कि भाजपा नेताओं से मिलकर उन्होंने साथ काम करने की संभावनाओं को भी टटोला। तमिलनाडु को लेकर भाजपा की अनिश्चितता का अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि हाल ही में घोषित पार्टी पदाधिकारियों की नई सूची में उसने इस राज्य से एक भी नाम को शामिल करने से परहेज बरता। इस बीच, डीएमके अपने गठबंधन को ठोस शक्ल देने और इसके सर्वमान्य मुख्यमंत्री उम्मीदवार स्टालिन के नेतृत्व में विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट गया है। चूंकि अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए तमिलनाडु में पासा सजने लगा है।

# तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत उनाव कस्बे में की गई चालानी कार्यवाही

## मीडिया में खबर पढ़ने से कम मिले प्रदर्शन कर विक्रय करने वाले विक्रेता, अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पुलिस सहयोगी रहेगी : आजाद खान थाना प्रभारी





दतिया। तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति दतिया के नोडल अधिकारी डॉ. के. के. अमरया, समिति सदस्य व सदस्य गवर्निंग बोर्ड एमपीव्हीएचए रामजीशरण राय, प्रभारी थाना प्रभारी आजाद खान, मोहनीश दुबे सहयोगी नोडल ऑफिसर, पुलिस बल मुनेश बघेल, भूपेन्द्र सिंह कंसाना के दल द्वारा सघन चालानी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। कस्बे में कुछ दुकानदारों पर कार्यवाही के उपरांत ही चालानी कार्यवाही की खबर तेजी से फैल गई जिससे अन्य दुकानदारों ने तम्बाकू से बने पदार्थों को हटा लिया या दुकान बंद करके चले गए। दल सदस्यों के परामर्श उपरांत 4 दुकानदारों ने आज के बाद प्रदर्शन कर उक्त पदार्थों को न बेचने का आश्वासन दिया।

समिति सदस्यों ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चालानी कार्रवाई में पूरे उनाव कस्बे में प्रयास करने पर 9 दुकान संचालकों पर 610 रुपये का तंबाकू से बने तंबाकू से बने पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। जिन दुकानदारों पर कार्यवाही की गई उन्होंने आश्वस्त किया कि हम अब कानून के नियमों का उल्लंघन नहीं करेंगे। उक्त चालानी कार्यवाही दल में सम्मिलित प्रभारी थाना प्रभारी आजाद खान सहयोगी रहने का आश्वासन दिया। सोशल एक्टिविस्ट रामजीशरण राय ने सदस्यों ने दुकानदारों को प्रदर्शन कर विक्रय न करने व उपयोग करने वालों को सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू से बने पदार्थों का उपयोग ना करने की हिदायत दी। यह कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. के.के. अमरया ने देते हुए बताया कि कानून के तहत धारा 4 व 5 में चालानी कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा। मोहनीश दुबे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अधिनियम के तहत तैयार कार्ययोजना अनुसार प्रत्येक माह तैयार कार्ययोजना तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत जिले में चालानी कार्यवाही की जावेगी। ताकि हम अधिनियम के प्रावधानों को लागू कर सकें। उक्त जानकारी समिति सदस्य रामजीशरण राय ने दी।

# धोखे से जहर देकर हत्या करने वाले अभियुक्त की जमानत खारिज

**मोहन मांझी**

**गोहद** -सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/ सहायक मीडिया सेल प्रभारी प्रवीण सिंह सिकरवार द्वारा बताया गया कि अभियोजन के अनुसार फरियादी लक्ष्मण पुत्र रामस्वरूप बाथम उम्र 60 साल निवासी छतरपुरा वार्ड नंबर 1द्वारा बताया कि दिनांक 11.09. 2020 को शाम करीबन 5ः00 बजे मुझे उमेश कुशवाहा और होतम कुशवाह अपने घर से खजाना खोजने की बात बता कर मोटरसाइकिल से बेहटकी कह कर साथ में लेकर गए थे रास्ते में पहुंचे वहां पर खलीफा उर्फ विजय सिंह और थान सिंह कुशवाह निवासी मो मोटरसाइकिल से मिले वहां से हम पांचों लोग दो मोटरसाइकिल पर बेहट पहुंचे । बेहट में रामदास गुर्जर अपने खेत पर बने कुआं पर मिला था। वहां पर बैठकर हम सभी लोगों खेत में गड़े खजाने ( धन ) को गड्ढा खोदने की बात हुई थी तभी खलीफा कुशवाह और उमेश कुशवाहा की खजाने के गड्ढा को खोदने के संबंध में 10-10 हजार रुपये की शर्त रखी गई खलीफा कुशवाह और रामदास गुर्जर ने उमेश और होतम और मुझसे यह बात रखी थी कि अगर तुम तीनों ने 5 फुट गहरा गड्ढा खोद दिया तो हम तुम्हें 10-10 हजार रुपये देंगे अगर तुम लोग खजाने का गड्ढा नहीं खोद पाए तो 10-10 हजार रुपये तुम लोग हमको दोगे और खजाना मिलने पर आधा-आधा बांट लेंगे उसी समय पूजा के लिए खलीफा कुशवाहा ने रामदास गुर्जर और थान सिंह कुशवाहा से प्रसाद चढ़ाने के लिए 2 किलो लड्डू 1 किलो जलेबी और पूजा की सामग्री मंगाई कुआं से रामदास गुर्जर अपने खेत में सभी को लेकर गया और वहां पर खलीफा कुशवाहा ने खजाने के लिए गड्ढा खोदने की जगह बता कर पूजा की । पूजा करने के बाद हम तीनों को थान सिंह ने प्रसाद में लड्डू और जलेबी खाने के लिए दिए । हम तीनों में उमेश होतम कुशवाहा ने लड्डू जलेबी का प्रसाद खाया था मैं मीठा कम खाता हूं इसलिए मैंने कम लड्डू जलेबी खाए थे इसके बाद हम तीनो लोग गड्ढा खोदने लगे। गड्ढा करीब 5 फुट हुआ गौतम और उमेश का मूड पिराने लगा और मेरी जीभ चिपकने लगी तो हम सभी ने खलीफा कुशवाह थानसिंह कुशवाह और रामदास गुर्जर को यह बात बताई तो खलीफा कुशवाह बोला कि भागो जल्दी से इन मोड़ाओ को ले जाओ यहां हवा बयार आ गई तभी वहां से हम सभी लोग भागे कुंआ की तरफ आए और कुआं से अपनी मोटरसाइकिल पर उमेश गौतम एवं में बैठकर भागकर आए यह बात करीब रात्रि दो ढाई बजे की होगी फिर हम रास्ते में अपनी सुध बुध खो गए और मदनपुरा के रास्ते में मैं और होतम कुशवाह उतर गए और उमेश मोटरसाइकिल लेकर गोहद की तरफ चला गया मैं और गौतम मदनपुरा के पास गला चिपकने से तड़प रहे थे तभी सुबह होने पर गांव वालों ने पुलिस को खबर की तब तक गौतम की सांस टूट गई थी और मैं बेहोश पड़ा हुआ था पुलिस मुझे और गौतम को लेकर अस्पताल लेकर गए। मो से मैं अपने पड़ोसी कल्लू जाटव के साथ अपने घर आया तो मुझे पता चला कि उमेश भी गोहद में मरा मिला था यह बात अपने होश में आने के बाद आज मैंने उमेश और होतम के परिवार वालों को बताई कि खलीफा उर्फ विजय सिंह कुशवाह रामदास गुर्जर ने खजाना खोजने के लिए बुलाया और प्रसाद के लड्डुओं में हम तीनों को जहर जान से मारने की नियत से हम लोगों को खिलाया था ताकि हम लोग शर्त के पैसे नहीं मांग सकें जहर के कारण ही मेरे साथ गए। होतम एवं उमेश कुशवाहा की मृत्यु हो गई है हम लोगों के पैसा और मोबाइल और सामान उन्हीं लोगों के पास छूट गया था यह बात मैंने होतम के भाई वीरेंद्र सिंह कुशवाहा एवं उमेश के पिता जी अमर सिंह कुशवाह को बता कर साथ लेकर थाने पर आकर लिखित आवेदन दिया है रिपोर्ट करता हूं कार्रवाई की जावे रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना के आरोपीगण खलीफा और विजय सिंह कुशवाह थानसिंह कुशवाह एवं रामदास सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जो आरोपीगण को न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल में निरुद्ध है प्रकरण विवेचनाधीन है । दिनांक 28.09.2020 को अभियुक्त/आवेदक रामदास सिंह गुर्जर रणवीर सिंह गुर्जर उम्र 40 साल निवासी वार्ड क्रमांक 4 अथाई मोहल्ला बेहट जिला ग्वालियर द्वारा मान0 न्यायालय के समक्ष जमानत के लिये आवेदन प्रस्तुत किया था।अभियोजन द्वारा इस जमानत आवेदन का मान0 न्यायालय के समक्ष घोर विरोध किया और अपराध की गम्भीरता को देखते हुये मान0 न्यायालय से जमानत आवेदन निरस्त करने का निवेदन किया। मान0 न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात् अभियोजन के तर्क से सहमत होते हुये अभियुक्त का जमानत आवेदन खारिज कर दिया।

## अपनी-अपनी बात

### आख़िर कब तक



मनीषा वाल्सुमिकी सुबह-सुबह खेतों में काम करने के लिए जा रही थी, उसी समय खेतों में चार युवक छुप कर बैठे हुए थे। इन चारों युवकों ने पहले से ही मन बना रखा था कि वह ऐसी हैवानियत करने वाले हैं। मनीषा वाल्मीकि की उम्र 19 वर्ष की थी, मनीषा ने उन चारों दरिंदों से बचने का भरपूर प्रयास किया था, लेकिन उन चारों दरिंदों से ना बच पाई। बलात्कारियों ने मनीषा का यौन शोषण किया साथ ही साथ मनीषा की जिभ, गले की हड्डी, हाथ और पाओं को भी तोड़ दिया। अपराधिक घटना सुनने में ही बेहद भयानक लगती है, तो हम सोच सकते हैं कि मनीषा पर क्या कुछ बीता होगा। निर्भया, प्रियंका और मनीषा जैसी मामूम कब तक दरिंदगी का शिकार होती रहेगी समाज गिरता जा रहा है दरिंदगी के किचड़ में। हम एक हादसे से उभरते थोड़ा साँस लेते है, बाहर निकलना चाहते हैं, की फिर कोई घटना झकझोर देती है। फिर वही किसी मासूम का रेप, हत्या एसा लगता है मानों फिर किसी ने पैर पकड़कर घसीट लिया ऊसी दलदल में। मन आहत होते छटपटाता है बेटियों की बोटी-बोटी देखकर।

कैसे निकलें, कैसे उभरे क्या कहीं अंत है इस सिलसिले का...???

अब तो मन करता है हर स्त्री को शपथ लेनी चाहिए जब तक बेटियों को सुरक्षा कवच का वचन नहीं मिलता समाज के ठेकेदारों से तब तक कहना होगा हमें की ए जगत जननी वादा कर जब तक तेरी कोख में पल रही लाडली को इस गंदा ओर खोखला समाज सुरक्षा की गारंटी नहीं देता तब तक भले तू बांझ कहलाए बच्ची पैदा नहीं करेगी। या तो गर्भ परिक्षण करवाकर पेट में ही मासूम का खून कर देना भले तू निर्मम कहलाए। जन्म देकर एक जीव को पापियों के हाथों पिंखवाने से बेहतर होगा इस समाज को अब रहने दो बांझ। जहाँ बेटियों की किंमत एक मांस के टुकड़े भर सी रह गई है। आख़िर कब तक बेटियाँ बली चढ़ती रहेंगी हवसी वहशीयों के हाथों। ना रहेगी बेटी ना इन राक्षसों का खून उबलेगा। कितनी सस्ती है बेटियों की जान जब जहाँ जो चाहे फूल सी बच्चीयों को रौंद ड़ालता है। भेड़ियो की रूह तक नहीं काँपती। 21 वी सदी की ओर बढ़ रहे समाज में है कहीं किसीके पास बेटियों की सुरक्षा का प्रमाण पत्र। सच में राक्षसों की कहानियों में भी कभी ऐसी वहसीयत नहीं पढ़ी। नपुंसक समाज से क्या उम्मीद न्याय की। माँओं जागो इस कलयुग में कोई कृष्ण नहीं जन्म लेने वाला अपने कलेजे के टुकड़े के चिंथडे का बदला उस राक्षस के विनाश से लो। प्रताड़ना का प्रतिघात करने का वक्त आ गया है, क्या बीती होगी मासूम पर सोच कर ही रौंगटे खड़े हो जाते है। न जाने कब रुकेगा ये वहशियाना खेल।।

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु)ग्रभावु**

### सुहानी शाम



देखो चहूँओर फैले है अदभूत दिलकश नजारे,
नीले नीले अम्बर में दमक रहे कितने सितारे ।
इस गौधुली बेला में अपने नीडको लौट रहे है,
सभी पशु-पक्षियों को अपनों का स्नेह पुकारे।
प्रियवर के मधुर समागम की चाहत को पाले,
संध्या अपने मुख पर लाल चुनर का घूंघट डाले।
नींद का जहाँ को एक नशीला जाम पिलाकर,
चुपके चुपके प्रीतमय रजनी राकेश का मुख निहारे
आओं हम भी दोनो आधे अधूरे से पुरे हो जाए,
इस मदहोश आलम में प्यार का राग गुनगुना रे।
दूर निकाल फेंकगे हम अपने गमों के काँटो को,
खुशियों के सुमन सजाकर अपना जीवन संवारे।
बाधाओं से लडखडाये जहाँ कहीं हमारे कदम,
मिलेंगे हम दोनो को एक दूजे की बाँह के सहारे।

**स्वरचित और मौलिक रचना, सीमा लोहिया**
**झुंझुनू( राजस्थान)**

### बेटियाँ



नसीबों की साखों पे खिलती है बेटियाँ।
उँचा हो मुकद्दर तो मिलती है बेटियाँ ।।
जिन्दगी के छन्दों का अलंकार है बेटियाँ ।
कविता के पन्नों का संस्कार है बेटियाँ।।
वत्सल के श्रृंगार का रस है बेटियाँ, ।
कल के सँसार का यश है बेटियाँ द्य।
देश की आन -बान -शान है बेटियाँ।
बेटी को बोझ न समझे ,
घर की लक्ष्मी होती हैं बेटियाँ।।
माँ-बाप के दर्द को समझती बेटियाँ।।
घर को रौशन करती है बेटियाँ।
बेटा भाग्य से जन्म लेता है ,
बेटी सौभाग्य से प्राप्त होती हैं।।
यदि इनके साथ कोई करता है,
अपनी सीमा रेखा पार।।
उसको ऐसा सबक सिखाओ कि,
फिर ना करे वो ऐसा व्यवहार।।
समाज के ऐसे दानवों को ये,
समझाना होगा कि।।
सृष्टि की जननी और सृष्टि की
संहार हैं बेटियाँ।।

**आभा सिंह**
**लखनऊ उत्तर प्रदेश**

### एक सेवा अनेक शुल्क

भारतीय रेल सेवा के लिए यात्रियों को पहले की तुलना में न केवल ज्यादा खर्च करना पड़ेगा, बल्कि कुछ सेवाओं में कटौती भी होगी। रेलवे को हो रहे घाटे की भरपाई के लिए तमाम तरह की सिफारिशों पर इन दिनों विचार चल रहा है, कुछ सिफारिशों पर सहमति बन गई है, तो कुछ सिफारिशें अभी विचार की प्रक्रिया में हैं। यूजर चार्ज अर्थात सेवा शुल्क पर तो केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल की मुहर लगनी है। जो लोग भी स्टेशन पर आएंगे, उनसे यूजर चार्ज लिया जाएगा। रेल टिकट में भी यह शुल्क शामिल होगा और प्लेटफॉर्म टिकट में भी। अलग-अलग वर्ग के यात्रियों को अलग-अलग शुल्क चुकाना पड़ेगा। 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक के शुल्क का अतिरिक्त भुगतान यात्रियों को करना पड़ सकता है। अभी जैसी चर्चा चल रही है, करीब 15 या 17 प्रतिशत स्टेशनों के लिए ही यूजर चार्ज लिया जाएगा, लेकिन जैसे-जैसे स्टेशनों का विकास तेज होगा, वैसे-वैसे शुल्क के दायरे में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। जिन स्टेशनों पर सबसे ज्यादा भीड़ जुटती है, वहां से रेलवे को ज्यादा कमाई होगी। नई दिल्ली जैसे रेलवे स्टेशनों पर रोज औसतन पांच लाख लोग आते हैं, तो ऐसे स्टेशन को इस शुल्क की वजह से प्रतिदिन दो करोड़ रुपये से भी ज्यादा की आय हो सकेगी। जिन स्टेशनों का विकास पीपीपी, (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत किया जा रहा है, उनके लिए यह राशि खर्च होगी। एक सवाल बहुत स्वाभाविक ही उठेगा कि जब स्टेशन को निजी हाथों के सहारे ही विकसित किया जा रहा है, तब यात्रियों पर यूजर चार्ज का अतिरिक्त भार लादने का क्या तुक है? हालांकि इस शुल्क वसूली के अपने मजबूत कारण हैं। पिछले सप्ताह, केंद्रीय रेल मंत्री ने संसद को बताया था कि कोविड-19 महामारी के कारण यात्री सेवाओं के प्रभावित होने के परिणामस्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मार्च व अगस्त के बीच भारतीय रेलवे का यातायात राजस्व 42.3 प्रतिशत घट गया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लता मंगेशकर को दी जन्मदिन की बधाई



**मोदी बोले- खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे हमेशा उनका स्नेह और आशीर्वाद मिलता रहता है**

सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर सोमवार को 91 साल की हो गईं। उनका जन्म 28 सितंबर 1929 को इंदौर में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के घर पर हुआ था। वे पांच भाई-बहनों के बीच सबसे बड़ी हैं। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश के कई गणमान्य लोगों और सेलेब्स ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए लिखा, आदरणीय लता दीदी से बात की और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। लता दीदी देशभर में जाना-पहचाना नाम है। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे हमेशा उनका स्नेह और आशीर्वाद मिलता रहता है। इससे पहले 17 सितंबर को पीएम मोदी के जन्मदिन पर लता ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट किया था। जिसमें उन्होंने लिखा था, नमस्कार आदरणीय नरेंद्रभाई, आपको जन्मदिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएँ। ईश्वर आपको सदैव यशस्वी करे, आप दीघार्यु हों यही मेरी मंगलकामना। वहीं 3 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन लता दीदी ने सोशल मीडिया पर पीएम के लिए एक खास वीडियो संदेश शेयर किया था।

## कई सेलिब्रिटिज ने भी किया विश

### अमित शाह ने त्रिवेणी का अद्भुत संगम बताया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लता दीदी को बधाई देते हुए लिखा, स्वर, संस्कार और सादगी की अद्भुत संगम आदरणीय लता मंगेशकर दीदी को जन्मदिन की शुभकामनाएँ। आपने संगीत की उच्चतम परंपराओं एवं मूल्यों को स्थापित कर अपनी मधुर वाणी से दुनिया भर में मिठास भरी है। आप स्वस्थ रहें और दीघार्यु हो ऐसी ईश्वर से कामना करता हूं।

### धर्मेंद्र ने एक वीडियो शेयर कर बधाई दी

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र ने लता जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए फिल्म चुपके-चुपके में उनके गाए एक गीत का वीडियो शेयर किया। जिसमें खुद धर्मेंद्र भी दिखाई दे रहे हैं।

### कंगना रनोट ने कर्मयोगी बताया



एक्ट्रेस कंगना रनोट ने भी सोशल मीडिया के जरिए लता दीदी को बधाई दी। कंगना ने लिखा, महान लता मंगेशकर जी को जन्मदिन की ढेर सारी बधाइयां। कुछ लोग जो कुछ भी करते हैं एक मन से और पूरी तरह ध्यान लगाकर करते हैं। जिसकी वजह से ना केवल वे उसमें उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं बल्कि उस काम का पर्याय भी बन जाते हैं। ऐसी ही एक शानदार कर्मयोगी को मेरा नमन।

### शंकर महादेवन ने बताया मां सरस्वती



गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने बधाई देते हुए लिखा, मां सरस्वती को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं, कृपया हमें आशीर्वाद दें और हम संगीतकारों पर कृपा बरसाती रहें, ताकि हम कड़ी मेहनत और परिश्रम के साथ उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। ढेर सारा प्यार।

### रितेश देशमुख ने मराठी में दी बधाई



रितेश ने अपने संदेश में लिखा, आदरणीय लता मंगेशकर जी आपको जन्मदिन की लाखों बधाइयां! भगवान आपको प्रचुर मात्रा में अच्छे स्वास्थ्य और जीवन का आशीर्वाद दे।

### अनूप जलोटा ने भी दी बधाई

प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने बधाई देते हुए लिखा, लता दीदी आपको जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।

### साइना नेहवाल ने भी किया विश

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने भी लता दीदी को बधाई देने के लिए ट्वीट किया।

### सुदर्शन पटनायक ने रेत पर कलाकारी दिखाई



रेत पर कलाकारी दिखाने वाले प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने खास तरीके से लता दीदी को बधाई दी। उन्होंने ओडिशा में पुरी के समुद्र तट पर लता दीदी के चेहरे के साथ ग्रामोफोन और रिकॉर्ड की कलाकृति बनाते हुए बधाई दी।

# मालदीव में बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं टीवी की नागिन

**हाल ही में मौनी रॉय ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह यॉट में बैठकर खुद का एक वीडियो बनाती नजर आई थीं. वहीं एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर भी एक वीडियो शेयर किया है, जिसे देखकर लगता है ये उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की प्रिपरेशन के दौरान का है. टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आज अपना 35वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं.**

मौनी रॉय ने 16 साल की उम्र से ही अपने करियर की शुरूआत कर दी थी. टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में उन्होंने स्मृति ईरानी के साथ स्क्रीन शेयर किया था. टीवी जगत की टॉप एक्ट्रेस बनने के बाद अब मौनी रॉय ने बॉलीवुड की ओर रुख कर लिया है. लास्ट टाइम मौनी रॉय एकता कपूर के सुपरनेचुरल ड्रामा नागिन में नजर आई थीं और इसके बाद उन्होंने कोई भी टीवी सीरियल नहीं किया. आज अपने बर्थडे के मौके पर वह मालदीव में हैं. जहां वह दोस्तों संग वेकेशन एंजॉय कर रही हैं. टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आज अपना 35वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं. मौनी रॉय ने 16 साल की उम्र से ही अपने करियर की शुरूआत कर दी थी. टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में उन्होंने स्मृति ईरानी के साथ स्क्रीन शेयर किया था. टीवी जगत की टॉप एक्ट्रेस बनने के बाद अब मौनी रॉय ने बॉलीवुड की ओर रुख कर लिया है.

इसके बाद उन्होंने कोई भी टीवी सीरियल नहीं किया. आज अपने बर्थडे के मौके पर वह मालदीव में हैं. जहां वह दोस्तों संग वेकेशन एंजॉय कर रही हैं. टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आज अपना 35वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं. मौनी रॉय ने 16 साल की उम्र से ही अपने करियर की शुरूआत कर दी थी. टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में उन्होंने स्मृति ईरानी के साथ स्क्रीन शेयर किया था. टीवी जगत की टॉप एक्ट्रेस बनने के बाद अब मौनी रॉय ने बॉलीवुड की ओर रुख कर लिया है. लास्ट टाइम मौनी रॉय एकता कपूर के सुपरनेचुरल ड्रामा नागिन में नजर आई थीं और इसके बाद उन्होंने कोई भी टीवी सीरियल नहीं किया. आज अपने बर्थडे के मौके पर वह मालदीव में हैं. जहां वह दोस्तों संग वेकेशन एंजॉय कर रही हैं. मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपने वेकेशन के फोटोज और वीडियो शेयर किये हैं, जो कि उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहे हैं. मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपने वेकेशन के फोटोज और वीडियो शेयर किये हैं।

जो कि उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहे हैं. मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपने वेकेशन के फोटोज और वीडियो शेयर किये हैं, जो कि उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहे हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह यॉट में बैठकर खुद का एक वीडियो बनाती नजर आई थीं. वीडियो में उनकी दिलकश अदाओं को देखकर फैन्स भी कमेंट्स पर कमेंट्स कर उनकी खूबसूरती के लिए उनकी तारीफ किए जा रहे हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह यॉट में बैठकर खुद का एक वीडियो बनाती नजर आई थीं. वीडियो में उनकी दिलकश अदाओं को देखकर फैन्स भी कमेंट्स पर कमेंट्स कर उनकी खूबसूरती के लिए उनकी तारीफ किए जा रहे हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह यॉट में बैठकर खुद का एक वीडियो बनाती नजर आई थीं.

वीडियो में उनकी दिलकश अदाओं को देखकर फैन्स भी कमेंट्स पर कमेंट्स कर उनकी खूबसूरती के लिए उनकी तारीफ किए जा रहे हैं.वीडियो शेयर करते हुए मौनी रॉय ने बेहद शानदार कैप्शन भी लिखा है. मौनी लिखती हैं- मैं सूरज ढलने और सोनेट्स के बीच में हूं, सभी को प्यार. वीडियो शेयर करते हुए मौनी रॉय ने बेहद शानदार कैप्शन भी लिखा है. मौनी लिखती हैं- मैं सूरज ढलने और सोनेट्स के बीच में हूं. सभी को प्यार. वीडियो शेयर करते हुए मौनी रॉय ने बेहद शानदार कैप्शन भी लिखा है. मौनी लिखती हैं- मैं सूरज ढलने और सोनेट्स के बीच में हूं.

सभी को प्यार. वीडियो में मौनी को एनिमल प्रिंट ब्रालेट में देखा जा सकता है. इसके अलावा एक अन्य फोटो मौनी रॉय ने शेयर की है, जिसमें वह येलो बिकिनी में समुद्र किनारे रिलेक्स कर ती नजर आ रही हैं. वीडियो में मौनी को एनिमल प्रिंट ब्रालेट में देखा जा सकता है. इसके अलावा एक अन्य फोटो मौनी रॉय ने शेयर की है, जिसमें वह येलो बिकिनी में समुद्र किनारे रिलेक्स कर ती नजर आ रही हैं. वीडियो में मौनी को एनिमल प्रिंट ब्रालेट में देखा जा सकता है. इसके अलावा एक अन्य फोटो मौनी रॉय ने शेयर की है, जिसमें वह येलो बिकिनी में समुद्र किनारे रिलेक्स कर ती नजर आ रही हैं. मौनी ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर अपने सभी फ्रेंड्स को उन्हें बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए शुक्रिया भी कहा है.



# मैंने रामलीला के लिए दो हिट गाने दिए फिर भी लोगों ने मुझे काम नहीं दिया



इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में नोपेटिज्म का मुद्दा छाया हुआ है। लोग स्टार किड्स को काफी टारगेट कर रहे हैं। नोपिटिज्म और इनसाइडर/आउटसाइडर के बीच इस बहस में अब तक कई सेलेब्स के बयान आ चुके हैं। अब आदित्य नारायण ने भी इस पर बयान दिया है। इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में नोपेटिज्म का मुद्दा छाया हुआ है। लोग स्टार किड्स को काफी टारगेट कर रहे हैं। नोपिटिज्म और इनसाइडर/आउटसाइडर के बीच इस बहस में अब तक कई सेलेब्स के बयान आ चुके हैं। कुछ सेलेब्स ने इन बातों को गलत बताया है, तो कुछ ने इसे झेलने का अपना दर्द बयां किया है। इन सारी ट्रोलबाजी में सबसे ज्यादा टारगेट किए जा रहे हैं स्टार किड्स। ट्रोलर्स का कहना है कि स्टार किड्स की वजह से आउटसाइडर को उतनी तवज्जो नहीं दी जाती उन्हें काम नहीं मिलता। अब बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर उदित नारायण के बेटे आदित्य नारायण ने इस मामले में कुछ कहा है। बॉलीवुड लाइफ से बात करते हुए आदित्य ने कहा, रामलीला में दो हिट गाने देने के बाद भी 6 सालों तक मुझे किसी ने काम नहीं दिया। मुझे 25 साल बाद काम मिलना शुरू हुआ। पिछले साल, एआर रहमान ने मुझे 20 साल बाद रिकॉर्डिंग के लिए बुलाया था। इस साल मैंने विशाल-शेखर के लिए एक गाना गाया। जब्कि मैं उन्हें तब से जानता हूं जब मैं 18 साल का था। मैं सिंगिंग रिएलिटी शो सा रे गा मा पा होस्ट करता था और वो उस शो के जज थे। इसके बावजूद उन्होंने मुझे काम नहीं दिया था। एक बड़े म्यूज़िक लेबल में साइन होने के बावजूद मेरी ऑरिजनल आवाज को अप्रूव नहीं जाता था। जब मैं कोई गाना रिकॉर्ड करता वो उसे अपने आर्टिस्ट से डब करवा देते थे और वो गाना हिट हो जाते। मुझे खुद पर ही शक होने लगा कि मैं अच्छा गा भी सकता हूं या ये सिर्फ मेरा ख़्याल है? अपनी क्षमताओं, काबिलियत और काम को लेकर खुद से सवाल करने लगा। हालांकि मैं टीवी इंडस्ट्री में काफी फेमस हो गया, लेकिन जब भी बात म्यूज़िक इंडस्ट्री की आती है तो मुझे अब भी लगता है कि मेरे लिए सफर बहुत लंबा है। आगे आदित्य ने कहा, शुरूआत में मैंने टीवी में काम सिर्फ एक अलग एक्सपीरियंस लेने की वजह से किया। इसके बाद जब मैंने रामलीला के लिए गाने गाने के बाद 6 महीने तक काम नहीं किया तब मुझे एहसास हुआ कि टैलेंट आपकी ईएमआई नहीं देगा, ईएमआई पैसे से जाएंगी। क्योंकि तब तक मैं एक घर खरीद चुका था, अपने लिए कार खरीद चुका था और मुझे उनकी इएमआई देनी थीं।

## इतनी शक्ति हमें देना दाता के गीतकार अभिलाष का निधन, कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे

साल 1985 में रिलीज हुई फिल्म अंकुश के लिए इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर होना... जैसा बेहद लोकप्रिय गीत लिखने वाले गीतकार और लेखक अभिलाष (अुँ'रँ) का मुम्बई में रविवार को निधन हो गया। 74 वर्षीय अभिलाष कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। आज सुबह 4.00 बजे उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने लगभग 28 फिल्मों में और तकरीबन 50 धारावाहिकों में गीत लिखे। गीतकार अभिलाष का विश्व प्रसिद्ध गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता हिंदुस्तान के 600 विद्यालयों में प्रार्थना गीत के रूप में गाया जाता है। संगीतकार कुलदीप सिंह ने इस गीत को एन चंद्रा की फिल्म अंकुश (1985) के लिए संगीतबद्ध किया था, फिल्म हिट हुई। गीत संगीत भी हिट हुआ। विश्व की आठ भाषाओं में इस गीत का अनुवाद हो चुका है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि, बॉलीवुड में मेरा पहला गीत लता मंगेशकर की आवाज में रिकॉर्ड हो रहा था। गीत सांझ भई घर आजा पिया की रिकॉर्डिंग खत्म हुई तो बात आई कि इसके गीतकार के लिए क्या नाम लिखा जाए। मेरा असली नाम ओमप्रकाश है, मगर यह नाम वहां मौजूद म्यूजिक डायरेक्टर महावीरजी को पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा कुछ और नाम बताओ। जिसके बाद वहां मौजूद किसी साथी ने अभिलाष कहा और मैंने भी हामी भर दी। तब से ही ओमप्रकाश अभिलाष के नाम से फेसम होता गया। गीतकार अभिलाष ने बताया था, फिल्म अंकुश का गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता गीत के लिए मुझे मेहनत नहीं करना पड़ी। इस गीत को लिखने में भी करीब दो महीने लग गए। पर मैं इस गीत को दाता की नैमत मानता हूं। जब भी मैं सिचुएशन के हिसाब से गीत लिखता था वह खारिज हो जाता था। तब मेरे दोस्त ने मेरी हौसलाअफ्जाई की और एक दिन गाड़ी में बैठे-बैठे मुझे कुछ शब्द याद आए और इस गीत का मुखड़ा बन गया।

# एक एपिसोड के 3-5 करोड़ रुपए तक लेते है 'केबीसी 12' के होस्ट अमिताभ



**छोटे पर्दे का सबसे फेवरेट और मोस्ट अवेटिंग शो कौन बनेगा करोड़पति का 12वां सीजन का सोमवार से प्रसारण शुरू हो गया। अमिताभ बच्चन द्वार होस्टेड शो कौन बनेगा करोड़पति कई साल से दर्शकों का मनोरंजन तो कर ही रहा है।**

छोटे पर्दे का सबसे फेवरेट और मोस्ट अवेटिंग शो कौन बनेगा करोड़पति का 12वां सीजन सोमवार से शुरू हो गया। अमिताभ बच्चन द्वार होस्टेड शो कौन बनेगा करोड़पति कई साल से दर्शकों का मनोरंजन तो कर ही रहा है, साथ ही इस शो न जाने कितने लोगों की किस्मत बदलकर रख दी। 20 साल पहले शुरू हुए इस शो की लोकप्रियता लोगों के बीच आज भी उतनी ही है जितना 20 साल पहले हुआ करती थी। सालों से इस शो को बॉलीवुड के शहंशाह यानी अमिताभ बच्चन होस्ट करते आ रहे हैं। कुछ लोग तो केबीसी में सिर्फ इसलिए भी हिस्सा लेने आते हैं कि वो अगर हॉट सीट तक पहुंच गए तो उनका अमिताभ बच्चन से मिलने का सपना पूरा हो जाएगा। इस गेम के साथ-साथ लोग अमिताभ बच्चन के सवाल पूछने के तरीके और उनकी आवाज को काफी पसंद करते हैं। वैसे क्या आपने कभी सोचा है कि कौन बनेगा करोड़पति में लोगों को करोड़ति और लखपति बनाने वाले अमिताभ इस शो के लिए खुद कितनी फीस लेते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो अमिताभ बच्चन एक एपिसोड के 3-5 करोड़ रुपये लेते हैं। दरअसल, पिछले साल केबीसी शुरू होने से पहले कई रिपोर्ट्स सामने आई थीं, जिसमें कहा गया था कि अमिताभ एक एपिसोड के 2 करोड़ रुपये लेते हैं, जो कि अब बढ़ चुकी है। अब माना जा रहा है कि अमिताभ बच्चन की एक एपिसोड की फीस 3 से 5 करोड़ रुपये है। हालांकि बात की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है, लेकिन खबरें तो यही हैं। खबरों की मानें तो अमिताभ बच्चन ने पिछले सीजन में हर एपिसोड के 2 करोड़ रुपए लिए थे, पर इस बार वो हर एपिसोड की 3 से 5 करोड़ रुपये फीस चार्ज करेंगे। अगर इस बार भी शो में 70 के करीब एपिसोड होते हैं तो अमिताभ 250 करोड़ से

### हर बार जैसा नहीं है इस बार का केबीसी, जानें- पिछले सीजन से कितना है अलग?

कौन बनेगा करोड़पति का 12वां सीजन कोरोना वायरस की वजह से बदला हुआ नजर आने वाला है। इस बार की सीजन हर बार से काफी अलग हो सकता है। ऐसे में जानते हैं कि इस बार क्या क्या बदलाव संभव है. हर साल टीवी पर प्रसारित होने वाले क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति का इंतजार खत्म हो गया है। सोमवार से शो का आगाज हो गया है और एक बार फिर आप अपने फेवरेट सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को कंटेस्टेंट्स से सवाल पूछते हुए देख पाएंगे। वैसे तो इस बार के शो में भी आप अमिताभ बच्चन की एनर्जी, जानकारी बढ़ाने वाले सवाल और सपनों को साकार होते हुए देख पाएंगे। लेकिन, इस बार कोरोना वायरस की वजह से शो पिछले शो से अलग होने वाला है और आपको कुछ नया देखने को मिलेगा। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं कि इस बार का शो कितना अलग है...ऑडियंस नहीं होगी इस बार शो की शूटिंग में कोरोना वायरस की वजह से अहम बातों का ध्यान रखा गया है। इस बार कंटेस्टेंट्स और अमिताभ बच्चन के साथ दिखाई देने वाली ऑडियंस भी नहीं होगी, इस वजह से नैचुलर तालियों की गड़गड़ाहट को दर्शक मिस करेंगे।

# पारस छाबड़ा का नया लुक देख हैरान हुए लोग, ट्रोल्स बोले- हमारा सस्ता रणवीर सिंह

अपने इस लुक को लेकर पारस छाबड़ा ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं. इस अतरंगी लुक के चलते लोगों ने पारस छाबड़ा की तुलना रणवीर सिंह से करना शुरू कर दिया है. टीवी जगत के सबसे फेम शो बिग बॉस 13 के दौरान पारस छाबड़ा काफी सुर्खियों में रहे थे. दर्शकों के बीच पारस छाबड़ा की काफी चर्चा रही थी और इसी के जरिए उन्हें खास पहचान भी मिली. इन दिनों पारस छाबड़ा एक बार फिर सुर्खियों में छाए हुए हैं, जिसकी वजह है उनकी एक फोटो, जो उन्होंने खुद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर की है. इस फोटो में पारस छाबड़ा बेहद अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं. जिसे लेकर अब वह चर्चा में हैं. फोटो में पारस छाबड़ा 80 के दशक का हेयरस्टाइल और जेब्रा प्रिंट आउटफिट में दिखाई दे रहे हैं. लेकिन, अपने इस लुक को लेकर पारस छाबड़ा ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं. इस अतरंगी लुक के चलते लोगों ने पारस छाबड़ा की तुलना रणवीर सिंह से करना शुरू कर दिया है. फोटो का कमेंट सेक्शन ऐसे कई कमेंट्स से भरा हुआ है, जहां लोग उन्हें सस्ता रणवीर सिंह कहकर बुला रहे हैं. हालांकि, कई लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है, लेकिन ज्यादातर लोगों को उनका ये अतरंगी लुक कुछ जमा नहीं. पारस की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा हमारा सस्ता रणवीर सिंह. वहीं एक अन्य ने लिखा- पारस छाबड़ा द ग्रेट रणवीर सिंह बनने की कोशिशकर रहे हैं, लेकिन वह ऐसा कभी नहीं कर पाएंगे. फोटो शेयर करते हुए पारस ने बताया है कि उनका ये लुक उनके आगामी प्रोजेक्ट के लिए है. इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि फैंस को ये लुक पसंद आएगा. फोटो में रेट्रो लुक में नजर आ रहे पारस छाबड़ा को गले में कई चेन और व्हाइट चश्मे में देखा जा सकता है. लेकिन, अब कमेंट्स देखकर जाहिर होता है कि पारस छाबड़ा के फैंस को उनका ये लुक कुछ खास नहीं लगा. गौरतलब है कि रणवीर सिंह अक्सर ही अपने अतरंगी ड्रेसिंग को लेकर चर्चा में बने रहते हैं. कई बार अपने लुक को लेकर रणवीर सिंह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ चुके हैं.

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# रेलवे को मिल सकती है छोटी दूरी की पैसेंजर ट्रेन चलाने की छूट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय आज किसी भी वक्त अनलॉक 5.0 की गाइडलाइन्स जारी कर सकता है। इस बात की संभावना जताई जा रही है कि अनलॉक 5 में रेलवे चला जोन के भीतर छोटी दूरी की ट्रेनें चला सकता है। यानी रेलवे को कम दूरी के लिए पैसेंजर ट्रेन चलाने की छूट दी जा सकती है। इसके साथ ही सिनेमा हॉल और पर्यटक स्थलों को भी इस चरण में फिर से खोलने की इजाजत दिए जाने की संभावना है।

आपको बता दें कि कल अनलॉक के चौथे चरण का अंतिम दिन है। एक अक्टूबर से देश पांचवें चरण में प्रवेश कर जाएगा। लॉकडाउन के कारण ठप पड़ चुका अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सरकार स्कूल-कॉलेज के साथ-साथ कई तरह की आर्थिक गतिविधियों में ढील दे सकती है। एक सितंबर को शुरू हुए अनलॉक 4 में केंद्र सरकार ने पहली बार मेट्रो सेवाओं को फिर से शुरू करने जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण छूट दी थी। इसके साथ ही कक्षा 9-12 के लिए स्कूलों का आंशिक रूप से फिर से खोला गया। अब, एक अक्टूबर से शुरू होने वाले अनलॉक के पांचवें चरण के को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। पिछले सप्ताह सबहसे ज्यादा कोरोना प्रभावित सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ अपनी बैठक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जोन का सुझाव दिया। त्योहारी सीज़न की वजह से म्मी है कि केंद्र अनलॉक के लिए और गतिविधियां खोल देगा।

**आर्थिक गतिविधियां-** गृह मंत्रालय ने सोशल डिस्टेंसिंग के साथ सार्वजनिक स्थानों जैसे मॉल, सैलून,



रेस्तरां और जिमों को प्रतिबंधों के साथ खोलने की अनुमति दी थी। इस बात की संभावना जताई जा रही है केंद्र सरकार और भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने की छूट दे सकती है। मुख्यमंत्रियों के साथ अपनी बैठक में कोरोना के प्रसार को रोकवे के लिए पीएम मोदी ने कंटेनमेंट और लॉकडाउन पर जोर देने दिया था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा था कि इस वजह से आर्थिक गतिविधियों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े।

**सिनेमा हॉल-** मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा अपील के बावजूद 21 सितंबर से गृह मंत्रालय ने सिर्फ ओपन-एयर थिएटरों को संचालन फिर से शुरू करने की अनुमति दी थी। हालांकि, अगस्त में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अमित खरे ने गृह मंत्रालय को फिल्म थिएटरों के लिए बैठने की व्यवस्था का फॉर्मूला दिया था। योजना के अनुसार पहली पंक्ति में और अगली सीटों को वैकल्पिक रूप से रखा गया ताकि सामाजिक दूरी को बनाए रखा जा सके। इसके अलावा, शनिवार को पश्चिम बंगाल पहला राज्य बन गया जिसने 1 अक्टूबर से सिनेमा और सिनेमा हॉल खोलने की अनुमति दी।

**पर्यटन-** कोरोना लॉकडाउन के कारण सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र पर्यटन का ही रहा है। हाल ही में ताजमहल सहित पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने के बाद यहां कुछ कमाई देखी गई। अनलॉक-5 के दौरान इसके बढ़ने की संभावना है। गृह मंत्रालय और भी पर्यटन केंद्रों और पर्यटन स्थलों को यात्रियों के लिए खोलने की अनुमति दे सकता है। हाल ही में, उत्तराखंड सरकार ने पर्यटकों को बिना किसी क्वारंटीन के राज्य में प्रवेश करने की अनुमति दी।

**स्कूल-कॉलेज-** देश भर के कई स्कूल और कॉलेज 21 सितंबर से फिर से खुल गए। हालांकि 9वीं से लेकर 12वीं तक के छात्रों को स्वेच्छा से स्कूल आने की छूट दू गई। यह अगले महीने तक जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि, घटनाक्रम से अवगत लोगों के अनुसार, प्राथमिक कक्षाएं कुछ और हफ्तों तक बंद रहेंगी।



### ड्रग्स तस्करी में शामिल थीं रिया चक्रवर्ती

# सुशांत सिंह सहित बड़े लोगों को करती थीं सप्लाई

**मुंबई।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने सोमवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में रिया चक्रवर्ती और उनके भाई शोविक चक्रवर्ती की जमानत का विरोध करते हुए दाखिल एफिडेविट में कहा है कि ये ड्रग सिंडिकेट के एक्टिव मेंबर हैं। एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की ओर से दाखिल जवाब में कहा गया है कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि रिया ने ड्रग तस्करी को फाइनेंस किया। वॉट्सऐप चैट, मोबाइल, लैपटॉप और हार्ड डिस्क से निकाले गए रिकॉर्ड बताते हैं कि रिया चक्रवर्ती ना केवल लगातार इसका सौदा करती थीं, बल्कि इस अवैध कारोबार को फाइनेंस भी करती थीं।

एनसीबी ने एफिडेविट में यह भी कहा है कि यह जानते हुए भी कि सुशांत सिंह राजपूत ड्रग ले रहे हैं, रिया ने इसमें उनका साथ दिया और छिपाया। एनसीबी ने कहा, यदि पूरे परिदृश्य को देखें तो मौजूदा आवदेक (रिया) ने यह जानते हुए कि सुशांत सिंह राजपूत ड्रग्स ले रहे हैं, उन्होंने इसे प्रश्रय दिया। मौजूदा आवेदक ने उपने घर में ड्रग्स को स्टोर किया और सुशांत सिंह राजपूत को भी देती थी। जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि रिया हाई सोसायटी पर्सनैलिटीज के लिए ड्रग डिलीवरी से जुड़ी हुई थीं। एनसीबी ने कहा, वह हाई सोसायटी पर्सनैलिटीज से जुड़े ड्रग सिंडिकेट की एक्टिव मेंबर हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि वह ड्रग्स तस्करी में शामिल थीं। रिया चक्रवर्ती ड्रग डिलीवरी करतीं थीं और क्रेडिड कार्ड, कैश और पेमेंट गेटवे के जरिए पेमेंट करती थीं। गौरतलब हैं कि सुशांत सिंह राजपूत केस में उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती को ड्रग्स केस में एनसीबी ने गिरफ्तार किया था। अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती पिछले काफी दिनों से मुंबई की भायखला जेल में बंद हैं। मुंबई की विशेष अदालत ने उन्हें 6 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। सुशांत सिंह राजपूत 14 जून को मुंबई के बांद्रा स्थित अपने घर में मृत मिले थे।

# महबूबा मुफ्ती की रिहाई की मांग वाली वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज, बेटी इल्तिजा ने लगाई है गुहार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूता मुफ्ती की रिहाई की मांग वाली याचिका पर आज यानी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। दरअसल, जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी मां की लोक सुरक्षा कानून के तहत नजरबंदी (हिरासत) को चुनौती देने वाली याचिका दायर की है।



महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने अपनी मां की रिहाई के लिए दायर याचिका में कहा है कि उनकी मां महबूबा मुफ़्ती को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत अवैध रूप से हिरासत में लिया गया है। उन्हें फरवरी में इस कानून के तहत हिरासत में लिया गया था और वह अभी तक हिरासत में ही हैं। बता दें कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूता मुफ्ती को जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने संबंधी संविधान के अनुच्छेद 370 के अनेक प्रावधान समाप्त करने और इस राज्य को दो केन्द्र शासित प्रदेशों में विभक्त करने के पिछले साल पांच अगस्त के सरकार के फैसले से पहले गिरफ्तार कर लिया गया था। इल्तिजा ने अपनी याचिका में कई आधारों पर महबूबा की नजरबंदी को चुनौती दे रखी है। इसमें कहा गया है कि नजरबंदी के लिये डोजियर तैयार करते समय पूरी तरह से ध्यान नहीं दिया गया और यह लोक सुरक्षा कानून की धारा 8(3)(बी) का उल्लंघन करता है। इल्तिजा ने अपने आवेदन में याचिका में मांगते हुए इसे बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका मानने और केन्द्र और जम्मू कश्मीर सरकार को महबूबा को न्यायालय में पेश करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। आवेदन में कहा गया है कि वह न्यायालय के संज्ञान में यह तथ्य भी लाना चाहती है कि उसके पहले के आदेश के तहत जम्मू कश्मीर प्रशासन ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है, जिससे न्यायालय के प्रति उसके सम्मान का पता चलता है।

### एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया ने भारत में रोका अपना कामकाज

# स्टाफ को निकाला, सरकार ने कर रखा है अकाउंट फ्रीज

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्था एमनेस्टी इंटरेशनल इंडिया ने भारत में अपना कामकाज रोक दिया है। मंगलवार को एमनेस्टी इंटरेशनल इंडिया ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संस्था के बैंक अकाउंट्स फ्रीज किए जाने के बाद उसने यहां अपना कामकाज रोक दिया है। इतना ही नहीं, संस्था ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार की कार्रवाई के बाद उसे अपने कर्मचारियों को निकालने पर मजबूर होना पड़ा है। एमनेस्टी इंटरेशनल इंडिया ने अपनी वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा, भारत सरकार द्वारा एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया के बैंक खातों को पूरी तरह से फ्रीज कर दिया गया है, जिसकी जानकारी 10 सितंबर 2020 को हुई। इससे संगठन द्वारा किए जा रहे सभी कामों पर ब्रेक लग गया है।




एमनेस्टी ने दावा किया कि भारत सरकार द्वारा संस्था के खातों को फ्रीज किए जाने की वजह से उसे भारत में कर्मचारियों को निकालने पर मजबूर होना पड़ा। इतना ही नहीं, भारत में चल रहे अभियान और रिसर्च वर्क को भी रोकना पड़ा। एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया के कार्यकारी निदेशक अविनाश कुमार ने कहा, ऐसे अभियान के लिए, जिसने हमेशा अन्याय के लिए आवाज उठाई है, उसपर नया हमला उसकी प्रतिरोध में उठ रही आवाज को उठाकर लिया गया है। बयान में यह भी कहा गया है कि एमनेस्टी इंडिया सभी लागू भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पूर्ण अनुपालन करता है। बता दें कि बेंगलुरु में इसके कार्यालयों पर केंद्रीय जांच ब्यूरो ने विदेशी फंडिंग हासिल करने में अनियमितताओं के आरोपों पर पिछले साल नवंबर में छापेमारी की थी। इतना ही नहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी आरोपों की जांच की थी कि एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम को दरकिनार करने का प्रयास किया था।

### अमेरिका 15 करोड़ त्वरित कोविड-19 जांच किट वितरित करेगा: ट्रंप

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आने वाले हफ्तों में 15 करोड़ रैपिड कोविड-19 जांच किट वितरित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लंबे समय से बंद चल रहे स्कूल और व्यवसायों के फिर से खुलने के मद्देनजर लिया गया है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में पत्रकारों को बताया, आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम आगामी हफ्तों में 15 करोड़ त्वरित जांच किट वितरित करने की योजना की जल्द घोषणा करेंगे। यह संख्या अब तक हुई कुल जांच की संख्या से भी अधिक होगी। इनमें से 1.8 करोड़ जांच किट नर्सिंग होम, 1.5 करोड़ किट आश्रितों के लिये, एक करोड़ घरों, स्वास्थ्य सुविधाओं और धर्मशालाओं को और 10 लाख अश्वेतों की बहुलता वाले कॉलेज और विश्वविद्यालय, जनजातीय राष्ट्रीय कॉलेज सहित पांच करोड़ जांच किट सबसे अधिक प्रभावित समुदायों को दिए जाएंगे।

# कोरोना वायरस से दुनियाभर में मौतों का आंकड़ा 10 लाख पार, आखिर कब थमेगा यह कोहराम

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस ने न सिर्फ दुनियाभर में तबाही मचाई है, बल्कि इसने लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों को भी बदलकर रख दिया है। कोरोना वायरस के विस्फोट के 9 महीने बीत चुके हैं, मगर अब भी इसका कहर जारी है। हर दिन लाखों लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं और हजारों की तादाद में मौतें हो रही हैं। कोरोना वायरस से दुनियाभर में मौत का आंकड़ा 10 लाख पहुंच गया है। अमेरिका के जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के मुताबिक, कोरोना से दुनियाभर में 10 लाख (1 मिलियन) से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना वायरस से मौतों का यह आंकड़ा जेरुसलम या ऑस्टिन या टेक्सास की आबादी से भी अधिक है। यह 2004 के भूकंप और हिंद महासागर में आए सुनामी में मारे गए लोगों की संख्या से चार गुना अधिक है। कोरोना के कहर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर दिन इस खतरनाक महामारी से



औसतन 5 हजार लोगों की मौतें हो रही हैं। मौत का बढ़ता यह आंकड़ा और भी भयावह इसलिए भी हो जाता है, क्योंकि अब तक वैक्सीन की कोई भी वैक्सीन सफल नहीं हो पाई है। यूरोप में तो कोरोना वायरस की दूसरी लहर देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का दावा है कि अमेरिका में भी इसका दूसरा अटैक देखने को मिल सकता है। फिलहाल, अमेरिका में कोरोना वायरस से 205000 लोगों की मौतें हो चुकी हैं, जो दुनियाभर में पहले नंबर पर है। कोरोना वायरस के मामलों की बात करें तो दुनियाभर में कोविड-19 केस 33 मिलियन पार कर चुके हैं। हालांकि, 23 मिलियन रिकवर भी हो चुकी हैं। वहीं इंडिया की बात करें तो भारत में कोरोना वायरस से अब तक 95 हजार से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी हैं। ब्राजील भी कोरोना से प्रभावित देशों में टॉप फाइव में शामिल है। अमेरिका के बाद ब्राजील कोरोना से मौत के मामले में दुनियाभर में दूसरे नंबर पर है, जहां 142000 लोगों की मौतें हुई हैं। कोरोना से मौतों की लिस्ट में भारत तीसरे और मैक्सिको (76000 मौत) चौथे नंबर पर है। गौरतलब है कि पहली बार 2019 में दिसंबर के आस-पास चीन के वुहान शहर में कोरोना वायरस ने दस्तक दी थी। 11 जनवरी 2020 को कोरोना वायरस से चीन के वुहान शहर में पहली मौत सामने आई थी। इसके दो सप्ताह बाद शहर में कोरोना के कहर को देखते हुए लॉकडाउ लागू कर दिया गया था। हालांकि, इस बीच हजारों यात्री दुनियाभर में इधर से उधर आए-गए।

### अर्मेनिया और अजरबैजान पर सुरक्षा परिषद में होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** जर्मनी समेत कई अन्य यूरोपीय देशों ने अर्मेनिया और अजरबैजान के बीचनागोर्नो-काराबख क्षेत्र में जारी हिंसक संघर्ष के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चर्चा करने का अनुरोध किया है। सूत्रों के अनुसार यूरोपीय देशों ने सुरक्षा परिषद में मंगलवार को एक बैठक बुलाकर इस मुद्दे पर चर्चा करने का अनुरोध किया है। जर्मनी और अन्य यूरोपीय देशों की ओर से सुरक्षा परिषद को इस संबंध में आधिकारिक रूप से अनुरोध भेज दिया गया है। इससे पहले अर्मेनिया और अजरबैजान की सेना के बीच रविवार कोनागोर्नो-काराबख क्षेत्र में एक इलाके पर कब्जे को लेकर हिंसक संघर्ष शुरू हो गया। अर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा किनागोर्नो-काराबख क्षेत्र में अजरबैजान की सेना के साथ हुए संघर्ष में उसके 16 सैनिक मारे गए हैं जबकि 100 से अधिक घायल हुए हैं। अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशनयिन ने ट्वीट कर जानकारी दी कि अजरबैजान ने अर्तसख पर मिसाइल से हमला किया है।

# कोरोना वायरस से दुनिया में हाहाकार, मरने वालों की संख्या हुई 10 लाख

**नई दिल्ली।** जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में कोरोना वायरस महामारी से मरने वालों की संख्या मंगलवार को 10 लाख हो गई। महामारी से रोजाना औसतन 5000 लोगों की मौत हो रही है। उसके अनुसार इससे सबसे अधिक करीब 2,05,000 लोगों की मौत अमेरिका में हुई है। अमेरिका के बाद ब्राजील में करीब 1,42,000 और तीसरे नंबर पर भारत में 95 हजार से अधिक लोगों की मौत वायरस से अभी तक हो चुकी है। इनके बाद इस सूची में मेक्सिको चौथे स्थान पर है, जहां 76,000 से अधिक लोगों की मौत हुई है। विश्वविद्यालय के अनुसार वायरस से अभी तक 10 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। इसने एड्स से हर साल होने वाली मौत के आंकड़े को भी पीछे छोड़ दिया है, जो पिछले साल करीब 6,90,000 था। वायरस का पहला मामला चीन के वुहान शहर में 2019 के अंत में सामने आया था, जहां इससे पहली मौत जनवरी में हुई थी। मिशिगन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. होवार्ड मर्केल ने कहा, यह सिर्फ एक संख्या नहीं है। यह लोग हैं। यह वे लोग हैं, जिन्हें हम प्यार करते थे। यह हमारे भाई, हमारी बहनें हैं। ये वे लोग हैं, जिन्हें हम जानते थे। उन्होंने कहा, अगर आप मानवीय पहलू का सामना नहीं करते तो आपके लिए अमूर्त बनना बहुत आसान है।



### अमेरिका ने जसवंत सिंह के निधन पर शोक जताया, भारत के साथ साझेदारी में उनकी भूमिका को याद किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भरत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने के लिए उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें याद किया जाएगा। भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के करीबी सहयोगी सिंह का 27 सितंबर को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के दक्षिण और मध्य एशिया ब्यूरो ने एक ट्वीट में कहा, एक विशिष्ट कैबिनेट मंत्री, सांसद और सैनिक जसवंत सिंह को भारतीय गणराज्य के लिए उनकी सेवा और अमेरिका-भारत साझेदारी में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने कहा, उनके परिवार और उनके लोगों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। पूर्व अमेरिकी राजनयिक स्ट्रोब टालबोट ने सिंह को एक असाधारण और बुद्धिमान व्यक्ति बताया। टालबोट ने एक ट्वीट में कहा, असाधारण व्यक्ति, अपने देश और दुनिया के लिए बुद्धिमान और सच्चे सेवक, बहादुर सिपाही, माननीय राजनेता, कुशल और प्रभावी राजनयिक, व्यापक क्षेत्र के लेखक, गर्व से भरे हुए, स्नेही और प्यारे पति और पिता और दोस्त। टालबोट ने 1994 से 2001 तक अमेरिका के उप विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया, जो 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद अमेरिका द्वारा भारत पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद अमेरिका की ओर से प्रमुख वार्ताकार थे।



### आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच युद्ध जारी, 550 से अधिक सैनिक मारे गए

**येरेवान (आर्मीनिया)।** आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच विवादित क्षेत्र नागोरनो-काराबाख को लेकर एक दिन पहले शुरू हुई लड़ाई सोमवार को भी जारी रही। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घातक हमले करने का आरोप लगाया है। अजरबैजान ने इस जंग में आर्मीनिया के 550 सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि आर्मीनियाई बलों ने सोमवार सुबह टारटार शहर पर गोलाबारी शुरू कर दी। वहीं, आर्मीनिया के अधिकारियों ने कहा कि लड़ाई रातभर जारी रही और अजरबैजान ने सुबह के समय घातक हमले शुरू कर दिए।

### पाक पुलिस अधिकारी का अजीब तर्क

# देर रात अपने पति की इजाजत के बगैर सफर कर रही थी महिला, इसलिए हुआ रेप

**लाहौर।** पाकिस्तान में बीते दिनों सफर के दौरान रास्ते में देर रात फंसी महिला के साथ दो बच्चों के सामने बलात्कार की घटना हुई। इस बलात्कार की घटना ने पूरे पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया और देशवासियों में आक्रोश है। मगर असली आग में घी डालने का काम पाकिस्तान के पुलिस अधिकारी उमर शेख के बयान कर रहे हैं। रेप पीड़िता पर ही सवाल खड़े करते हुए पाकिस्तानी पुलिस अधिकारी उमर शेख ने सीनेट ह्यूमन राइट पैनल के सामने कहा कि यह घटना इसलिए हुई, क्योंकि महिला अपने पति की इजाजत के बगैर देर रात सफर कर रही थी।

दरअसल, बीते दिनों (महीने की शुरुआत में) 30 साल की महिला के साथ रेप की यह घटना तब हुई, जब वह देर रात सफर कर रही थी और लाहौर-सियालकोट हाइवे पर उनकी कार का पेट्रोल खत्म हो गया था। उस रात कार में मौजूद उनके दो बच्चों के सामने ही महिला का रेप



किया गया। इस घटना के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों में आक्रोश फैल गया और इसके खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज हो गई। इस घटना के कुछ दिन बाद लाहौर कैपिटल सिटी पुलिस अधिकारी शेख ने पीड़ित महिला पर ही सवाल उठा दिया कि वह देर रात बाहर क्यों गई थी। इन टिप्पणियों से महिला अधिकार संगठनों समेत लोगों का गुस्सा फुट पड़ा और अधिकारी के इस्तीफे की मांग उठने लगी। डॉन अखबार के मुताबिक, सोमवार को शेख को समिति द्वारा मामले की प्रगति पर एक ब्रीफिंग देने के लिए बुलाया गया था। पैनल ने पुलिस अधिकारी शेख को उनके बयान के लिए फटकार लगाई। समिति ने कहा कि अनुमान और धारना बनाना बंद कीजिए। समिति ने जब फैक्ट की बजाय व्यक्तिगत राय देने को लेकर शेख को फटकारा तो उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि वीडियो कॉल पर अपने पति से बात करने के लिए पीड़िता देर रात घर से निकली। अधिकारी शेख ने कहा कि पीड़िता अपने सफर पर जाने पहले सावधानी बरतने में विफल रही थी। लाहौर पुलिस प्रमुख के तर्क के अनुसार, महिला गलत समय पर गलत जगह पर जाने से बच सकती थी। उन्होंने कहा कि उन्हें हाईवे से जाने के बजाय अधिक आबादी वाली जीटी रोड से जाना चाहिए था और यह भी जांचना चाहिए था कि उनकी कार में कितना ईंधन बचा है। बाद में पत्रकारों के साथ एक अन्य बातचीत में उन्होंने कहा था कि पीड़िता अपने बच्चों के साथ देर रात सफर कर रही थी क्योंकि उसे लगा कि यह फ्रांस है।

| आईपीएल 2020: हैदराबाद और दिल्ली के बीच घमासान आज, सनराइजर्स को बढ़ाना होगा स्तर |

# वार्नर टीम के खिलाफ श्रेयस अय्यर की नजरें लय बरकरार रखने पर होगी

मैच भारतीय समय के अनुसार शाम 7.30 बजे से

अबुधाबी ■ एजेंसी

लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद टूनार्मेंट की इकलौती टीम है जिसे पहली जीत का इंतजार है। दिल्ली कैपिटल्स ने शुरूआती दोनों मैचों में शानदार जज्बा दिखाया और हौसला बढ़ाने वाली जीत दर्ज की है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने किंग्स इलेवन पंजाब को सुपर ओवर तक चले मैच में हराने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को आसानी मात दी। टीम तालिका में शीर्ष पर है। सनराइजर्स की कोशिश इस मैच से टूनार्मेंट में वापसी करने की होगी। सत्र की शुरूआती मुकाबले में जॉनी बेयरस्टों (61) और मनीष पांडे (34) की पारी से बेहतर स्थिति में होने के बाद भी टीम 164 रन के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही। कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ दूसरे मैच में भी टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। इस मुकाबले में रिधिमान साहा की धीमी बल्लेबाजी की आलोचना हुई। उनसे उम्मीद होगी की वह प्रारूप के मुताबिक बल्लेबाजी करेंगे। दिल्ली के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों की जोड़ी कैगिसो रबाडा और एनरिक नार्जे ने नई गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जबकि स्पिनरों में अक्षर पटेल और अमित मिश्रा ने रविचंद्रन अश्विन की अनुपस्थिति में भी शानदार खेल दिखाया। अश्विन पहले मैच में चोटिल हो गए थे और सनराइजर्स के खिलाफ उनके खेलने की संभावना कम है। अय्यर ने चेन्नई के खिलाफ मैच से पहले कहा था, "अश्विन अच्छा महसूस कर रहे है लेकिन हम उन्हें दो-तीन मैचों में विश्राम देना चाहते है ताकि वे पूरी तरह उबर सकें।" बल्लेबाजी में एक बार फिर अनुभवी शिखर धवन और युवा पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत दिलाने का दारोमदार होगा। ऋषभ पंत और अय्यर ने चेन्नई के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी कर लय में होने के संकेत दिए।



## हेटमायर से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया है, जबकि टीम को वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सनराइजर्स के लिए मध्यक्रम कमजोर कड़ी है। टीम को अगर टूनार्मेंट में पहली जीत दर्ज करनी है तो वॉर्नर और बेयरस्टॉ के अलावा दूसरे बल्लेबाजों को भी योगदान करना होगा। आईपीएल का खिताब 2016 में जीतने वाली टीम ने चोटिल मिशेल मार्श की जगह अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी को मैदान में उतारा था। नबी ने गेंद और बल्ले से अच्छा योगदान दिया था। टीम हालांकि इस मैच में मध्यक्रम को मजबूत करने के लिए नबी की जगह केन विलियमसन को अंतिम 11 में शामिल कर सकती है। सनराइजर्स के लिए राशिद खान ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें दूसरे गेंदबाजों से वैसा समर्थन नहीं मिला।

## साहा की हुई थी आलोचना

इस मुकाबले में रिधिमान साहा की धीमी बल्लेबाजी की आलोचना हुई। उनसे उम्मीद होगी की वह प्रारूप के मुताबिक बल्लेबाजी करेंगे। दिल्ली के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों की जोड़ी कैगिसो रबाडा और एनरिक नार्जे ने नयी गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है जबकि स्पिनरों में अक्षर पटेल और अमित मिश्रा ने रविचंद्रन अश्विन की अनुपस्थिति में भी शानदार खेल दिखाया।अश्विन पहले मैच में चोटिल हो गये थे और सनराइजर्स के खिलाफ उनके खेलने की संभावना कम है। बल्लेबाजी में एक बार फिर अनुभवी शिखर धवन और युवा पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत दिलाने का दारोमदार होगा।

## कौन किस पर भारी

**दिल्ली कैपिटल्स :** दिल्ली की बल्लेबाजी बहुत हद तक भारतीय बल्लेबाजों के इर्द गिर्द घूमती हुई नजर आती है। पिछले मैच में युवा ओपनर पृथ्वी शॉ ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बेहतरीन अर्धशतक जमाया था। कप्तान श्रेयस अय्यर भी अच्छी फॉर्म में है। इसके अलावा रिषभ पंत और शिखर धवन का बल्ला भी जमकर बोल रहा है। हालांकि अभी तक वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर का बल्ला शांत रहा है जिससे अंत के ओवरों में तेजी से रन नहीं आ रहे है। ऐसा हो सकता है कि टीम मैनेजमेंट हैदराबाद के खिलफ होने वाले इस मैच मे ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी को प्लेइंग इलेवन में शामिल करे। टीम की गेंदबाजी की बात करे तो कागिसो रबाडा की अगुवाई में टीम ने बेहतरीन काम किया है और अभी तक उन्होंने इस सीजन में 5 विकेट अपने नाम कर लिए है। एनरिच नॉर्टे भी उनका अच्छा साथ दे रहे है। स्पिन गेंदबाजी की बात करे तो अक्षर पटेल और अमित मिश्रा ने चेन्नई के खिलाफ आखिरी मैच में बेहद किफायती गेंदबाजी की थी। तेज गेंदबाज इशांत शर्मा की वापसी को लेकर अभी भी कोई खबर नहीं है। दूसरी तरफ आश्विन अब फिट है लेकिन उन्हें 2-3 मैचों के लिए आराम करने की सलाह दी गई है।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी जॉनी बेयरस्टो, डेविड वॉर्नर और मनीष पांडे पर निर्भर है। टीम में मिडिल आर्डर और लोवर मिडिल आर्डर में कोई बड़ा नाम नही है और पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ यह साफ-साफ दिख रहा था जब इनकी टीम आखिरी के ओवरों में तेजी से रन नही बना पाई। हालांकि ऐसी उम्मीद है कि केन विलियमसन बहुत जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगे। गेंदबाजी की बात करे तो इस टीम में तेज गेंदबाजी की अगुवाई भुवनेश्वर कुमार करते है और टी नटराजन इनका अच्छा साथ दे रहे है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद भी टीम के लिए अच्छा सहयोग कर सकते है। स्पिन गेंदबाजी की बात करे तो इनके पास अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान और मोहम्मद नबी के रूप में दो बड़े खिलाड़ी है। लेकिन इन्होंने भी अभी तक इस सीजन में अपने फिरकी से कुछ खास कमाल नहीं किया है। पिछले मैच में मनीष पांडे मैदान पर असहज महसूस कर रहे थे लेकिन कप्तान वॉर्नर ने कहा था की घबराने की कोई बात नहीं है। टीम के पूर्व कप्तान केन विलियमसन इस मैच में वापसी कर सकते है।

### सनराइजर्स के लिए मध्यक्रम कमजोर कड़ी

सनराइजर्स के लिए मध्यक्रम कमजोर कड़ी है। टीम को अगर टूनार्मेंट में पहली जीत दर्ज करनी है तो वार्नर और बेयरस्टों के अलावा दूसरे बल्लेबाजों को भी योगदान करना होगा। आईपीएल का खिताब 2016 में जीतने वाली टीम ने चोटिल मिशेल मार्श की जगह अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी को मैदान में उतारा था। हालांकि इस मैच में मध्यक्रम को मजबूत करने के लिए नबी की जगह केन विलियमसन को अंतिम 11 में शामिल कर सकती है। सनराइजर्स के लिए राशिद खान ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें दूसरे गेंदबाजों से वैसा समर्थन नहीं मिला।

**मौसम का हाल :** मैच के दिन वहां का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

### पिच रिपोर्ट

कोलकाता और हैदराबाद के बीच खेले गए पिछले मैच में पूरे खेल के दौरान कोई बदलाव नहीं आया और यह पिच गेंदबाजी से ज्यादा बल्लेबाजी के अनुकूल है।

### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद :** डेविड वॉर्नर (कप्तान), जॉनी बेयरस्टॉ (विकेटकीपर), केन विलियमसन, मनीष पांडे, श्रीवत्स गोस्वामी, विराट सिंह, प्रियम गर्ग, रिधिमान साहा (विकेटकीपर), अब्दुल समद, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, अभिषेक शर्मा, बी संदीप, संजय यादव, फेबियन एलेन, भुवनेश्वर कुमार, खलील अहमद, संदीप शर्मा, शाहबाज नदीम, सिद्धार्थ कौल, बिली स्टानलेक, टी नटराजन, बासिल थम्पी।

**दिल्ली कैपिटल्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), रविचंद्रन अश्विन, शिखर धवन, पृथ्वी साव, शिमरोन हेटमायर, कगिसो रबाडा, अजिंक्य रहाणे, अमित मिश्रा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशांत शर्मा, अक्षर पटेल, संदीप लामिचाने, कीमो पॉल, डैनियल सैम्स, मोहित शर्मा, एनरिच नोर्जे, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), अवेश खान, तुषार देशपांडे, हर्षल पटेल, मार्कस स्टोइनिस, ललित यादव।



## संक्रमण के मामलों के बावजूद ब्राजील में नहीं रूकेगा फुटबॉल

साओ पाउलो ■ एजेंसी

एक शीर्ष जज ने खिलाड़ियों में कोरोना वायरस संक्रमण के जोखिम के बावजूद ब्राजील के शीर्ष श्रेणी के फुटबॉल मैच कराने को मंजूरी दे दी। ब्रासीलिया के श्रम न्यायाधीश लुई फिलीप वियेइरा डि मेलो फिल्हो ने यहां पालमेइरास और गत चैम्पियन फ्लामेंगो के बीच मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराने की अनुमति दी। मैच 1.1 से ड्रा रहा। फ्लामेंगो ने कई युवा खिलाड़ियों को उतारा क्योंकि उसकी टीम के 20 सदस्य पिछले सप्ताह कोरोना संक्रमित पाये गए। क्लब ने ब्राजीली फुटबाल परिसंघ से मैच स्थगित कराने की मांग की थी जो उसने ठुकरा दी। ब्राजील में कोरोना महामारी से 140000 से अधिक मौतें हो चुकी है।

## गावस्कर के बचाव में उतरे फारुख इंजीनियर

मुम्बई ■ एजेंसी



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर ने विराट कोहली और अनुष्का शर्मा पर की गयी टिप्पणी के लिए पूर्व कप्तान सुनील गावसकर का बचाव किया है। गावसकर ने कॉमेंट्री के दौरान कहा था कि कोहली ने कोविड-19 के लॉकडाउन में सिर्फ अनुष्का की गेंदबाजी का सामना किया है। इसमें गावसकर ने उस वीडियो का जिक्र किया था जिसमें अनुष्का उन्हें गेंदबाजी कर रही थीं। गावसकर के इस बयान पर खास विवाद भी हुआ है। इसे को लेकर इंजीनियर ने कहा, हम लोगों में सेंस ऑफ ह्यूमर की कमी है। अगर गावस्कर ने विराट के बारे में कुछ कहा भी होगा तो वह जरूर मजाकिया लहजे में कहा होगा उनका इरादा किसी को ठेस पहुंचाना नहीं होगा। इंजीनियर ने कहा, मैं गावसकर को अच्छी तरह जानता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि उन्होंने यह मजाक में कहा होगा। मेरे साथ भी ऐसा हुआ था जब लोगों ने मेरे एक बयान को बहुत गंभीरता ले लिया था और अनुष्का को बयान जारी करना पड़ा था। गत वर्ष 2019 के विश्वकप के के दौरान इंजीनियर भी इसी तरह के विवाद में फंस गए थे जब उन्होंने कथित रूप से यह कहा था कि टीम इंडिया के सभी चयनकर्ता इंग्लैंड में सिर्फ अनुष्का के लिए चाय लेकर आ रहे थे। गावसकर ने एक बयान जारी कह था कि उनके बयान को गलत समझा गया।

### न्यूज. ब्रीफ

#### भारतीय पहलवान आयोजित कर रहा ऋषिकेश से लंदन की बस यात्रा

**नईदिल्ली।** एक भारतीय पहलवान लाभांशु शर्मा ऋषिकेश से लंदन की बस यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। इस दौरान लाभांशु के साथ आम लोगों को भी यात्रा का अवसर मिल रहा है। हैरानी की बात यह है कि 21,000 किलोमीटर की यह यात्रा सड़क मार्ग से तय की जाएगी। यह यात्रा उत्तराखंड के ऋषिकेश से लखनऊ के रास्ते इम्फाल होते हुए म्यामार पहुंचेगी। इसके बाद थाईलैंड, लाओस, चीन, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, उज्बेगिस्तान पहुचेगी। इसके अलावा रूस, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड, चेक रिपब्लिक, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, फ्रांस होते हुए इंग्लैंड पहुंचेगी। यह सफर यहीं नहीं थमेगा इसके आगे यात्री वेल्स और स्कॉटलैंड का भी आनंद उठा सकेंगे। इस बस यात्रा को कई अवसरों पर स्वर्ण पदक जीतने वाले लभांशु और उनके भाई विशाल आयोजित कर रहे हैं। इन दोनो ने हाल ही में अपनी विश्व शान्ति यात्रा के तहत लंदन तक का सफर सड़क मार्ग से पूरा किया था।

#### शीर्ष चार में नहीं पहुंचेगी सनराइजर्स: तिवारी

**मुम्बई।** क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा है कि डेविड वार्नर की सनराइजर्स हैदराबाद इस बार आईपीएल में शीर्ष 4 टीमों में नही पहुंचेगी। सनराइजर्स ने अभी केवल दो मैच खेले हैं पर इनमें उसका प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा और उसे हार झेलनी पड़ी है। तिवारी का मानना है कि इस बार वॉर्नर की टीम में दम नजर नहीं आ रहा है और ऐसा लगता है कि ये टीम शीर्ष 4 नहीं बल्कि नीचे की 4 टीमों में दिखेगी। तिवारी ने कहा, सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज रंग में नहीं दिख रहे हैं। तेज गेंदबाज खलील अहमद डॉट गेंद ज्यादा फेंक रहे हैं। वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार भी लय में नहीं हैं। इसके अलावा अब तक बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन कर रहे मनीष पांडे भी चोटिल हो गए हैं, अगर वह आगे नहीं खेल पाये तो हैदराबाद की बल्लेबाजी और कमजोर हो जाएगी। इससे पहले पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भी हैदराबाद की टीम को कमजोर बताया था। चोपड़ा का मानना है कि टीम का मध्य क्रम युवाओं से भरा हुआ है और उसे अनुभव की कमी खल रही है। साथ ही चोपड़ा ने ये भी कहा कि अगर मध्य क्रम में अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन को शामिल किया जाए तो ये टीम वापसी कर सकती है।

#### लाहिड़ी पुंटा काना गोल्फ में छठे स्थान पर



**पुंटा काना।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी पुंटा काना गोल्फ के आखिरी दिन दो अंडर 70 के स्कोर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे। लाहिड़ी ने कुल 13 अंडर का स्कोर किया। नवंबर 2018 में मायाकोबा गोल्फ क्लासिक के बाद पहली बार वह किसी टूनार्मेंट में शीर्ष दस में रहे हैं। वह अगस्त में डब्ल्यूजीसी ब्रिजस्टोन में संयुक्त छठे स्थान पर थे। हडन स्वाफोर्ड ने 18 अंडर के स्कोर के साथ खिताब जीता।

## हार्दिक को गेंदबाजी के लिए अभी संयम बरतना होगा : जहीर

दुबई ■ एजेंसी



मुंबई इंडियंस के क्रिकेट परिचालन निदेशक जहीर खान ने कहा कहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी गेंदबाजी करना चाहते हैं पर टीम प्रबंधन को पहले उनके शरीर की ओर भी देखना होगा। हार्दिक को पीठ की सर्जरी के कारण लंबे समय का आराम करना पड़ा है। इस तेज गेंदबाज ने अब तक आईपीएल के पहले दो मैचों में मुंबई इंडियंस की ओर से गेंदबाजी नहीं की है। वहीं जहीर से जब हार्दिक की गेंदबाजी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम सभी हार्दिक की गेंदबाजी देखने की उम्मीद कर रहे हैं और वह ऐसा खिलाड़ी है जो जब गेंदबाजी कर रहा हो तो किसी भी टीम का संतुलन बदल सकता है पर अभी उसे संयम बरतना होगा। उन्होंने साथ ही कहा, पर हमें उसके शरीर को देखना होगा और हम फिजियो से इसके बारे में परामर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम उसे गेंदबाजी करते हुए देखना चाहते हैं, वह भी गेंदबाजी करने का इच्छुक है और वह सचमुच गेंदबाजी करना चाहता है पर हमें इंतजार करना होगा और संयम बरतना होगा और उसके शरीर को पहले देखना होगा। आखिरकार गेंदबाज को चोटें काफी प्रभावित करती हैं। हार्दिक ने कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले दो मैचों में 18 और 14 रन की पारियां खेली थी।

## सैमसन को अगला धोनी बताने पर भड़के गंभीर व श्रीसंत

नई दिल्ली ■ एजेंसी

आईपीएल के दो मैचों में लगातार शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचने वाले राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को अगला धोनी बताने वाले कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बयान से पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर सहमत नहीं हैं। थरूर के मुताबिक, सैमसन जब 14 साल के थे जब उन्होंने उनसे कहा था कि वे अगले धोनी होंगे। इस बात से गंभीर सहमत नहीं दिखे। इसके अलावा पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने भी कहा है कि सैमसन अगले धोनी नहीं बन सकते। थरूर ने सैमसन की तारीफ में ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, मैं सैमसन को एक दशक से जानता हूं और जब वो 14 साल के थे, तब मैंने उनसे कहा था कि एक दिन वह अगले धोनी बनेंगे। अब वह दिन आ गये हैं। इस आईपीएल में उनकी दो शानदार पारियों ने बता दिया है कि वह एक विश्व स्तर के खिलाड़ी हैं। थरूर के ट्वीट से कई प्रशंसक नाराज दिखे। उनका कहना था कि सैमसन की तुलना धोनी से



नहीं की जा सकती। वहीं गंभीर ने थरूर को कोट करते हुए लिखा कि सैमसन को कोई अगला बनने की जरूरत नहीं है। वह भारतीय क्रिकेट के सैमसन ही कहलाएंगे। वहीं श्रीसंत ने थरूर को जवाब दिया, वह अगला धोनी नहीं है। वह संजू सैमसन है अकेला। उसे 2015 से ही सारे फॉर्मेट्स में खलिाना चाहिए था। प्लीज उनकी तुलना मत कीजिए। अगर उन्हें सही से मौके दिए गए होते तो वह ऐसा खेल भारत के लिए दिखा रहे होते।

### खेल में बदलाव नहीं चाहते सैमसन

राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि पिछले एक साल से बल्लेबाजी में उनकी टाइमिंग अच्छी रही है, पर इसके बाद भी पर्याप्त सफलता नहीं मिलने से वह काफी निराश हो गए थे। संजू ने कहा, मैं एक साल से अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं और मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैंने कई चीजें आजमाई थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिल रही थी। उसके बाद मैंने काफी आत्ममंथन किया और खूब मेहनत की। सैमसन ने कहा, मैं पिछले साल से ही अच्छी तरह से बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं बहुत अच्छी मनोदशा में हूं और अपने खेल में किसी तरह का बदलाव नहीं चाहता हूं। मैंने यह हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की है। मैंने खुद से कहा कि मेरे पास खेलने के लिए अभी 10 साल हैं और मुझे इन 10 वर्षों में सब कुछ झोंक देना है। इस बल्लेबाज को अभी तक टेस्ट और एकदिवसीय में भारत की ओर से खेलने का अवसर नहीं मिला है। उसने भारतीय टीम की ओर से केवल दो टी20 खेले हैं। अब आईपीएल के प्रदर्शन के आधार पर उसे राष्ट्रीय टीम में जगह मिलने की उम्मीदें हैं।

## फ्रेंच ओपन: वावरिंका ने मर्रे को हराया, ज्वेरेव भी जीते

पेरिस ■ एजेंसी

आम तौर पर ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में दो ग्रैंडस्लैम चैम्पियनों का सामना नहीं होता लेकिन फ्रेंच ओपन के शुरूआती दौर में यह देखने को मिला जिसमें स्टान वावरिंका ने एंडी मर्रे को शिकस्त दी जबकि अमेरिकी ओपन उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी दूसरे दौर में पहुंच गए। कोरोना वायरस महामारी के कारण फ्रेंच ओपन मई की बजाय सितंबर में हो रहा है। फ्रांस में कोरोना वायरस के बढते मामलों के चलते 1000 दर्शकों को ही प्रवेश की अनुमति दी गई। वावरिंका ने रविवार को खेले गए इस मुकाबले में 97 मिनट में मर्रे को 6.1, 6.3,



6.2 से हराया। मर्रे पूरे मैच में छह गेम ही जीत सके जो उनके 237 ग्रैंडस्लैम मैचों के कैरियर का सबसे खराब प्रदर्शन है ।वह 2014 में भी रोलां गैरो पर 12 बार के चैम्पियन रफेल नडाल से हारे थे। इससे पहले दो ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की टक्कर पहले दौर में 2012 विम्लबडन में हुई थी जब नोवाक जोकोविच के सामने जुआन कार्लोस फरेरो थे। फ्रेंच ओपन में 199 में माइकल चांग और येवजेनी काफेलनिकोव पहले दौर में एक दूसरे से खेले थे। छठी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने 91वीं रैंकिंग वाले डेनिस नोवाक को 7.5, 6.2, 6.4 से मात दी। उन्होंने मैच में दस ऐस लगाए और उनकी सर्विस बस एक बार टूटी। इससे पहले अर्जेंटीना के जुआन इगनासियो लोंडेरो ने करीब पांच घंटे चले पांच सेटों के मुकाबले में हमवतन फेडरिको डेलबोनिस को 6.4, 7.6 , 2.6, 1.6, 14 .12 से हराया। फ्रेंच ओपन ऐसा अकेला ग्रैंडस्लैम है जिसमें आखिरी सेट में टाइब्रेकर का इस्तेमाल नहीं होता है। अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स इस साल तीसरे ग्रैंडस्लैम में भी पहले दौर में हार गई ।आस्ट्रेलिया ओपन और अमेरिकी ओपन में भी वह इससे आगे नहीं बढ सकी थी। उन्हें अन्ना कैरोलिना ने 6.4, 6.4 से हराया। वहीं 16 वर्ष की अमेरिकी कोको गॉ ने ब्रिटेन की योहाना कोंटा को 6 . 3, 6 . 3 से मात दी । वहीं शीर्ष वरीयता प्राप्त सिमोना हालेप ने सारा एस टोरमो को 6.4, 6.0 से हराया। पुरूष वर्ग में इटली के 19 वर्ष के जानिक सिनेर ने दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी डेविड गोफिन को मात दी।

## युवेंटस ने रोमा से ड्रॉ खेला

रोम ■ एजेंसी



नौ बार की गत चैम्पियन युवेंटस ने सीरि ए फुटबॉल मुकाबले में रोमा से 2.2 से ड्रॉ खेला। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने युवेंटस के लिये दो गोल दागे जिसमें दूसरे हाफ में हेडर पर किया गया बराबरी का गोल शामिल है। युवेंटा को दूसरे हाफ में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। रोमा के लिए जोर्डन वेरेटाउट ने दो गोल किए। एक अन्य मैच में नपोली ने जिनोआ को 6.0 से हराया। वहीं एसी मिलान ने क्रोटोन को 2.0 से मात दी। मिलान के स्टार फारवर्ड ज्लाटन इब्राहिमोविच कोरोना पॉजिटिव होने के कारण नहीं खेल रहे हैं।

## दिल्ली-एनसीआर सितंबर में कंपनी के शीर्ष 10 वैश्विक बाजारों में से एक : उबर

**नयी दिल्ली।** ऐप पर टैक्सी बुकिंग सेवा देने वाली कंपनी उबर के लिए दिल्ली-एनसीआर सितंबर में उसके शीर्ष 10 वैश्विक बाजारों में से एक रहा। कंपनी ने सोमवार को कहा कि यहां लोगों ने हर सप्ताह 10 लाख से ज्यादा यात्राएं उबर से की। कंपनी के मंच पर बुक की गयी यात्राओं के आधार पर उबर ने यह जानकारी दी। कंपनी के शीर्ष 10 वैश्विक बाजारों में दिल्ली-एनसीआर एकमात्र भारतीय क्षेत्र रहा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह उसके वैश्विक कारोबार में दिल्ली और भारत की रणनीतिक अहमियत को दिखाता है। कंपनी ने कहा, ह्यह्यलंबे लॉकडाउन के बाद दिल्ली-एनसीआर के लोगों ने फिर से यात्राएं शुरू की हैं। आंकड़े दिखाते हैं कि लोगों के बीच आवागमन के लिए कार की वरीयता बढ़ी है। इसके बाद ऑटोरिक्शा और मोटरसाइकिल का स्थान है। मार्च में घोषित लॉकडाउन का असर उबर और ओला जैसी कंपनियों पर भी पड़ा।

शेयर बाजार — सेंसेक्स 593 , निफ्टी 177 अंक ऊपर आया

## वित्तीय और ऑटो शेयरों में खरीदारी से उछला बाजार

मुंबई ■ एजेंसी

मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही वित्तीय और ऑटो शेयरों में भारी खरीदारी से बाजार में यह उछाल आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 592.97 अंक करीब 1.59 फीसदी ऊपर आकर 37,981.63 पर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी 177.30 अंक तकरीबन 1.60 फीसदी बढ़कर 11,227.55 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे अधिक आठ फीसदी की तेजी इंडसइंड बैंक के शेयरों में दर्ज की गयी। वहीं इसके बाद बजाज फाइनेंस, एक्सिस



बैंक, पावरग्रिड, ओएनजीसी, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा और एमएंडएम के शेयरों में भी बढ़त रही।

वहीं दूसरी ओर एचयूएल, इंफोसिस और नेस्ले के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान में बंद हुए। जानकारों के अनुसार ऑटो तथा फार्मा शेयरों से मिले समर्थन के कारण ही बाजार में यह तेजी आई है। इसके साथ ही वैश्विक बाजारों में खरीदारी के सकारात्मक रुख के कारण भी घरेलू शेयर बाजार प्रभावित हुआ है। इससे पहले सुबह वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स में शुरूआती कारोबार के दौरान उछाल देखने को मिला। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बढ़त देखने को मिली। शुरूआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स बढ़त पर कारोबार कर रहा था। वहीं दूसरी ओर एनएसई निफ्टी भी ऊपर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक तीन फीसदी की तेजी बजाज फाइनेंस में हुई। इसके अलावा ओएनजीसी, एनटीपीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक में भी बढ़त के साथ कारोबार हो रहा था। दूसरी ओर इंफोसिस, टीसीएस, भारती एयरटेल और एचयूएल में गिरावट देखने को मिली। पिछले सत्र में सेंसेक्स 835.06 अंक बढ़कर 37,388.66 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 244.70 अंक बढ़कर 11,050.25 पर बंद हुआ था।

# चुनाव में कांग्रेस मुद्दाविहीन, भाजपा के पास जनता के लिए है विकास और सक्षम नेतृत्वः आर्य

**ग्वालियर।** उपचुनाव में कांग्रेस के पास जनता के सामने रखने के लिए कोई मुद्दा नहीं है और उनका वचन पत्र झूठा साबित हो चुका है। यहां तक कि उनके विधायक भी विकास के मुद्दे पर पार्टी का साथ छोड़ गए, वहीं भाजपा के पास लोंगों के विकास और जनकल्याण जैसे मुद्दे हैं, जिन्हें 15 वर्षों से प्रदेश की जनता ने परखा है और हमारा समक्ष नेतृत्व , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर जनता को पूरा विश्वास है।

यह कहना है कि भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य का। आर्य ने कहा कि 15 महीने कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन उनका वचन पत्र झूठा साबित हो गया। इस दौरान दलित, किसान, महिलाएं, युवा सभी दुखी हो गए, क्योंकि भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं को कमलनाथ सरकार ने बंद कर दिया। अब कांग्रेस किन मुद्दों पर उपचुनाव में जनता के बीच वोट मांगने जाएगी, क्योंकि उसने तो प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ और कांग्रेस के नेता खरीद-फरोख्त करके सरकार बनाने का आरोप लगाते रहे, लेकिन एक भी प्रमाण सामने नहीं रख पाए। खरीद-फरोख्त की राजनीति तो कांग्रेस करती रही है। पीवी नरसिंहराव जब प्रधानमंत्री थे तो उनकी सरकार को टिकाए रखने के



लिए सांसद खरीदे गए, यह तो पूरे देश ने देखा और उस समय कमलनाथ भी सक्रिय थे। वहीं जब अटलजी की सरकार एक वोट से चली गई, लेकिन खरीद-फरोख्त नहीं की। अब कमलनाथ और उनके विधायक भाजपा पर खरीद-फरोख्त का आरोप लगा रहे हैं तो जनता हंस रही है, क्योंकि यदि एक-दो नहीं, पूरे 22 विधायकों ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़ दी, क्योंकि उनके क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो रहे थे और जनप्रतिनिधियों को अपमानित किया जा रहा था। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो मात्र कुछ ही विधायक ज्यादा थे। उस समय भाजपा ने सरकार नहीं बनाई और फिर सबने कांग्रेस का शासन देखा, जो 15 महीने में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं रहा। आर्य ने कहा कि अब उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है और पार्टी हर तरीके से मैदान में है और कांग्रेस के पास तो प्रत्याशियों तक का अभाव था, तभी तो उन्हें आयातित नेता लेकर अपने प्रत्याशी घोषित करने पड़े। अब हम विकास और जनकल्याण के मुद्दे लेकर जनता के सामने जाएंगे और जनता को भाजपा के सक्षम और विकास वाले नेतृत्व पर पूरा विश्वास है।

## नामांकन नौ से भरे जायेंगे, मतदान 3 नवंबर कोः कलेक्टर सिंह

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश में होने वाले उप चुनावों की घोषणा के साथ ही जहां आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। वहीं उप चुनावों को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी करना शुरू कर दी है। उप चुनावों के लिये 9 अक्टूबर से नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं कोविड को लेकर कई तैयारियां भी अलग से उप चुनावों में चुनाव आयोग के परिपालन में की जा रहीं है। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि ग्वालियर जिले की तीन विधानसभा के लिये चुनाव होगा। इसके लिये जहां ग्रामीण क्षेत्र में डबरा और भितरवार और शहरी क्षेत्र में नगरीय निकायों में आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्र 16 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगे। 17 अक्टूबर को स्क्रूटनी होगी और 19 अक्टूबर को नाम वापस हो सकेंगे। मतदान तीन नवंबर को होगा और मतगणना 10 नवंबर को होगी। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि उप चुनावों में 01-01-2020 को आधार मानकर मतदाता वोट डाल सकेंगे। ईवीएम भी 300 प्रतिशत एक्सिस हैं। वोट वोटर कार्ड को प्राथमिकता के आधार पर डाले जा सकेंगे वहीं वोटर कार्ड नहीं होने पर 11 अन्य दस्तावेजों से वोट डाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि कोविड को देखते हुये पूरी प्रक्रिया के दौरान मास्क लगाना होगा। साथ ही सेनेटाइजेशन भी जरूरी होगा। इसके लिये अलग से हेल्थ अधिकारी की नियुक्ति की जायेगी। चुनाव में प्रत्याशी ऑन लाइन भी फार्म भर सकेंगे। वहीं दो लोगों के साथ निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे।



# डॉ. सिकरवार का कांग्रेस कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस प्रत्याशी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार का आज कॉग्रेस कार्यालय शिन्दे की छावनी में भव्य स्वागत किया गया। कॉग्रेस प्रत्याशी बनने के बाद आज पहली बार डॉ. सिकरवार अपने समर्थकों के साथ कॉग्रेस कार्यालय पहुँचे, कार्यालय में मौजूद जिलाध्यक्ष देवेन्द्र षर्मा एवं अन्य पदाधिकारीयों के साथ कार्यकर्ताओं ने डॉ. सिकरवार का पुश्पहार पहनाकर स्वागत किया। जिसके बाद डॉ. सिकरवार ने वहां मौजूद पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और स्वागत के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। जिसके बाद डॉ. सिकरवार ने कार्यालय में मौजूद पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि ये चुनाव हमें सिर्फजीतने के लिए नही लड़ना है, बल्कि उन जनमत एवं जनता और आप सभी कार्यकर्ताओं के विष्वास की हत्या करने



वालों को सजा दिलाने के लिए लड़ना है और ये सजा उन्हे जनता देगी। डॉ. सिकरवार ने कहा कि आप सभी को जनता के बीच जाकर कॉग्रेस पार्टी की नीतिओं के बारे में बताना है। डॉ. सिकरवार ने कहा कि आप सभी को क्षेत्र की जनता को ये बताना होगा कि किस तरह से आपके विश्वास को बेचा गया और आपके साथ विश्वासघात किया गया।

## विधानसभा उप निर्वाचन.2020

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समझाई आचार संहिताए कोविड गाइडलाइन भी बताई

**ग्वालियर।** विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई आदर्श आचरण संहिता के बारे में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मंगलवार को हुई स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विधानसभा उप निर्वाचन कार्यक्रम के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के लिये जारी की गई

### जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

कोविड गाइडलाइन के बारे में भी बताया। पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने विधानसभा उप निर्वाचन स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये की जा रही सुरक्षा व्यवस्था के बारे में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला स्तरीय स्टेंडिग कमेटी की बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्माए उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारीए अपर जिला दण्डाधिकारी श्री किशोर कान्याल तथा तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैठक में मौजूद थे। साथ ही सर्वश्री कमल माखीजानीए देवेन्द्र शर्माए चंद्रप्रकाश गुप्ताए सतेन्द्र धाक?ए सुरेन्द्र जायसवालए वीर सिंह जाटवए सतीश मंडेलिया सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। यहां कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई स्टेंडिंग कमेटी की प्रथम बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे आदर्श आचरण संहिता का पालन कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराने में मदद करें। उन्होंने यह भी कहा आदेशों की अवहेलना एवं आचार संहिता के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि विधानसभा उप चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो चुकी है। इसलिये सभी दल आचरण संहिता का पालन करें। आयोग के दिशा निर्देशों के तहत चुनाव संबंधी हर गतिविधि पर नजर रखी जायेगी। कलेक्टर ने सभी का ध्यान सम्पत्ति विरूपण अधिनियम की ओर आकर्षित करते हुये कहा कि कोई भी उम्मीदवार शासकीय परिसम्पत्तियों का उपयोग प्रचार.प्रसार के लिए नहीं कर सकेंगेए साथ ही अशासकीय भवनों का भी चुनावी प्रचार में उपयोग संबंधित भवन मालिक की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा । कलेक्टर ने जानकारी दी कि नगर निगम ग्वालियर समेत जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में सभा स्थल के लिए स्थान तय हैं। जहां विधिवत अनुमति लेकर सभायें की जा सकेंगी।



सभाओं की अनुमति प्रथम आओ प्रथम पाओ सिद्धांत के आधार पर दी जायेगी।

**9 अक्टूबर को जारी होगी अधिसूचनाए इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र भरे जा सकेंगे** –उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विधानसभा उप निर्वाचन कार्यक्रम के तहत निर्वाचन की अधिसूचना 9 अक्टूबर को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी की जायेगी। इसी के साथ ही नाम निर्देशन पत्र भरने का सिलसिला शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 16 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगे। नामांकन की संवीक्षा ;जाँचद्ध 17 अक्टूबर को होगी। नाम निर्देशन पत्र 19 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 3 नवम्बर को होगा और 10 नवम्बर को एमएलबी कॉलेज के ए.ब्लॉक में मतों की गिनती होगी।

**इस बार ऑनलाइन नामांकन की सुविधा**–अभ्यर्थी इस बार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन नामांकन भर सकेंगे। इसका प्रिंट निकालकर रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। इन्हीं वेबसाइट के जरिए अभ्यर्थी ऑनलाइन शपथ पत्र भी भर सकेंगे। इस प्रकार भरे गए शपथ पत्र का प्रिंट लेकर और उसकी नोटरी करवाकर रिटर्निंग अधिकारी के पास नामांकन फर्म के साथ जमा किया जा सकेगा।

**नामांकन जमा करने के लिये अधिकतम दो व्यक्तियों की अनुमति**–इस बार नामांकन के लिये जाते समय रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रत्याशी के साथ अधिकतम दो व्यक्ति ही जा सकेंगे। इसी तरह नामांकन के लिये जाने वाले वाहनों की संख्या भी अधिकतम दो तक सीमित की गई है।

**दिव्यांग मतदाताए 80 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग व कोरोना पॉजिटिव को डाक मत पत्र की सुविधा**–विधानसभा उप निर्वाचन में इस बार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताए 80 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग और कोरोना पॉजिटिव मतदाताओं को डाक मत पत्र की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। डाक मत पत्र की सुविधा प्राप्त करने के लिये संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के यहाँ आवेदन करना होगा।

**जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1188 मतदान केन्द्र** –जिले में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र.15 ग्वालियर में 409 मतदान केन्द्रए 16 ग्वालियर पूर्व में 447 एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र.19 डबरा ;अजाण्द्ध में 332 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इस प्रकार विधानसभा उप निर्वाचन के लिये जिले में कुल 1188 मतदान केन्द्र बने हैं। किसी भी मतदान केन्द्र पर इस बार एक हजार से अधिक मतदाता नहीं होंगे।

**8 लाख 30 हजार 603 मतदाता चुनेंगे तीन विधायक**–विधानसभा उप निर्वाचन के लिये जिले में कुल 8 लाख 30 हजार 603 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। जिनमें 4 लाख 44 हजार 495 पुरूषए 3 लाख 86 हजार 73 महिला एवं 35 अन्य ;थर्ड जेंडरद्ध मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र.15 ग्वालियर में कुल 2 लाख 88 हजार 81 मतदाता हैं। इनमें एक लाख 54 हजार 659 पुरूषए एक लाख 33 हजार 405 महिला व 17 अन्य मतदाता हैं। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र .16 ग्वालियर पूर्व में कुल 3 लाख 14 हजार 511 मतदाता हैं। इनमें एक लाख 68 हजार 696 पुरूषए एक लाख 45 हजार 802 महिला व 13 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र.19 डबरा के अंतर्गत 2 लाख 28 हजार 11 मतदाता हैं इनमें एक लाख 21 हजार 140 पुरूषए एक लाख 6 हजार 866 महिला व 5 अन्य मतदाता हैं।

**ये होंगे रिटर्निंग अधिकारी**–विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र.15 ग्वालियर के रिटर्निंग अधिकारी का दायित्व एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप तोमर को सौंपा गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र.16 ग्वालियर पूर्व के रिटर्निंग अधिकारी का दायित्व एसडीएम मुरार श्री एच बी शर्मा को एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र.19 डबरा ;अजाण्द्ध के रिटर्निंग अधिकारी की जिम्मेदारी एसडीएम डबरा श्री प्रदीप शर्मा को दी गई है।

**कोविड गाइडलाइन की खास बातें**

-हर मतदाता की होगी थर्मल स्क्रीनिंग और वोट डालने के लिये मिलेंगे हैण्ड ग्लब्स ।

-सभी मतदान केन्द्रों पर सेनेटाइजरए साबुन और पानी की व्यवस्था रहेगी ।

-सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कराया जायेगा मतदान ।

-हर मतदान अधिकारी को मिलेंगे मास्कए पीपीई किटए फेस शील्ड व दस्ताने ।

-थर्मल स्क्रीनिंग से दो बार जाँच की जाने के बाद भी यदि मतदाता का तापमान अधिक आता है तो उसे मतदान के आखिरी घंटे में मतदान की अनुमति दी जायेगी।

-कोविड संक्रमित एवं क्वारंटाइन मतदाता भी मतदान के आखिरी घंटे में वोट डाल सकेंगे।



# सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये विधिवत प्रशिक्षण दिया



**ग्वालियर।** पुलिस लाइन स्थित कम्युनिटी हॉल में विधानसभा उप चुनाव 2020 के लिये जिला बल एवं विशेष सशस्त्र बल के अधिकारियों/कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी के मार्गदर्शन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर मध्य) ग्वालियर श्री पंकज पाण्डे के नेतृत्व में सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे सूबेदार रूमा नाज, सूबेदार राघवेन्द्र सिंह जादौन एवं 95 अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह एवं मास्टर ट्रेनर जितेन्द्र सिंह भदौरिया तथा संजीव शर्मा द्वारा उप चुनाव के दौरान निम्न बिन्दुओ पर प्रशिक्षण दिया गया।

1- चुनाव ड्यूटी के दौरान पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को क्या करना है ? क्या नहीं करना है इस बावत् प्रशिक्षण दिया गया।

2- पोलिंग बूथ पर कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव करते हुये निष्पक्ष चुनाव कराने आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

3- चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन कराते हुये किस तरह निष्पक्ष चुनाव पूर्ण कराना है इस संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

विभिन्न पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी से संबंधित जिज्ञासाओं एवं सभी सवालों का संतुष्टिप्रद निराकरण किया गया। जिले में पदस्थ समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण कमशः लगातार दिये जायेगें।

# उच्च शिक्षा स्पोर्टस के मेरिट छात्रों को भी प्रवेश नहीं : सीटें खाली

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की हठधर्मिता से उच्च शिक्षा (खेल)बीपीएड , एमपीएड के छात्रों का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है।उच्च शिक्षा (खेल)में अध्ययन करने वाले छात्र इधर उधर भटक रहे हैं, और विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। इतना ही नहीं कई कालेजों , विश्वविद्यालयों में छात्रों की सीटें खाली पडी हैं , लेकिन उच्च शिक्षा (खेल) की सीटें में कोई रूचि नहीं ले रहा है। ऐसे में छात्रों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। विशेष बात यह है कि मेरिट लिस्ट के छात्र-छात्राएं भी एडमिशन को भटक रहे हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उच्च शिक्षा (खेल) में विगत वर्षों से स्थानीय लेबल पर काउंसलिंग कर छात्रों को सीटें प्रदान कर दी जाती थी। विभाग ने नए नियमों को बनाकर अब सारी काउंसलिंग स्वयं भोपाल स्तर पर करने का निर्णय ले लिया है। ऐसे में मेरिट में आने के बाद भी छात्रों को कालेजों में सीट नहीं मिल पा रही है, और ले देकर भोपाल से खेल किया जा रहा है। उधर विभाग इसके लिये तर्क यह तक दे रहा है कि इस बार छात्रों की संख्या ज्यादा है। उधर कालेज सूत्र बताते हैं कि इस बार तक हमारी सीटें भरी नहीं है। ऐसे में कोरोना काल में भी पूरे प्रवेश नहीं होने से उन्हें जहां आर्थिक नुकसान हो रहा है। वहीं विभाग की हठधर्मिता के चलते वह परेशान हैं। उनका यह भी कहना है कि विभाग ने ग्वालियर के बच्चों को दूर के कालेज जैसे रीवा आदि में प्रवेश दे दिया है और रीवा के छात्रों को ग्वालियर में प्रवेश दे दिया है। ऐसे में छात्र कोरोना संकट के दौर में दूसरे जिलों संभागों में जाने से कतरा रहे हैं। इसी के चलते उनकी सीटें खाली पडी है। कालेज संचालक का कहना है कि उच्च शिक्षा (खेल)द्वारा काउंसलिंग कर सीटें भरने की जिम्मेदारी स्वयं ले ली है ऐसे में उनकी सीटें खाली पडी रह गई है। प्रमुख बात यह है कि मेरिट लिस्ट वाले छात्र भी प्रवेश को भटक रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि उच्च शिक्षा (खेल) अब तीसरी बार के बाद भी बची सीटों के लिये फिर से आवेदन मंगाने के लिये प्रयास कर रहा है क्योंकि उनकी खेल नीति पर बटटा लगता दिख रहा है। वहीं सूत्र बताते हैं कि अभी भी कई छात्र इधर उधर अपने प्रवेश के लिये भटक रहे हैं। वहीं वह अपने परिजनों के साथ मंत्रियों , अधिकारियों के यहां चक्कर लगाकर सिफारिश कराने लगे हैं।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

नि:शुल्क

बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.

( Min. size 5×9 )

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज

12×5 - 2000 रु

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207

gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478